26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 8 अगस्त, 2026
अंक- 285 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# दिल्ली-IIT में मोदी बोले- सिर्फ सवाल मत पूछिए, समाधान भी खोजें

## अगले 35 साल आप जो करेंगे, वह विकसित भारत का आधार होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पीएम मोदी ने आज आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को कई सीख दीं। उन्होंने कहा, हर पीढ़ी की अपनी चुनौतियां और जिम्मेदारियां होती हैं। इस पीढ़ी के लिए आने वाला समय और बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसलिए यह समझें कि अगले 35 साल में आपका काम विकसित भारत का आधार होगा। उन्होंने कहा, मैंने आईआईटी के कई पूर्व छात्रों की सफलता देखी है। उन्होंने ऐसी समस्याओं को पहचाना, जिन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया था। इसलिए हमेशा सीखते रहें, सिर्फ सवाल न पूछें और उनके समाधान भी खोजें। पीएम ने छात्रों की मनोदशा पर हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं बाबा बागेश्वर नहीं हूं, लेकिन कुछ तो आपके मन में चलता होगा। इसके बाद सभी लोग हंसने लगे। हर स्टूडेंट आने वाले कल के लिए कोई न कोई सपना देख रहा होगा। कोई अपनी पहली सैलरी का इंतजार कर रहा होगा, कोई स्टार्टअप शुरू करने का सपना देख रहा होगा, तो कोई नई प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा होगा। सभी के अपने सपने हैं। छात्र ऐसे समय में संस्थान से निकल रहे हैं, जब दुनिया तेजी से बदल रही है। शिक्षा और वैश्विक शक्ति संतुलन में लगातार बदलाव हो रहा है।



टेक्नोलॉजी की रफ्तार इतनी तेज है कि यह कहना मुश्किल है कि अगले 20-30 साल में दुनिया कैसी होगी। जब भी बदलाव आता है, उसके साथ चुनौतियां और अवसर दोनों आते हैं। इंडस्ट्री और प्रोफेशन का स्वरूप बदलता रहेगा। इसलिए खुद को तैयार रखें, हर चुनौती का सामना करें। कैंपस लाइफ और असल जिंदगी में बहुत अंतर होता है। आईआईटी में सिलेबस होता है और पता होता है कि कौन-सी परीक्षा देनी है। कौन-सा कोर्स पढ़ना है। उधर, असली जिंदगी में सब कुछ आउट ऑफ सिलेबस होता है। वहां यह भी खुद पहचानना पड़ता है कि असली सवाल क्या है। हर पीढ़ी के सामने अलग चुनौतियां और दायित्व होते हैं। देश ने गुलामी का दौर देखा। उस समय की पीढ़ी के सामने आजादी हासिल करना सबसे बड़ा लक्ष्य था। इसके लिए लोगों ने लंबा संघर्ष किया और त्याग व बलिदान दिए। आज की पीढ़ी की चुनौतियां और जिम्मेदारियां अलग हैं। अगले 35 साल में आप जो करेंगे, वह देश की कौन-सी जरूरत पूरी करेगा, यह आपको तय करना है।

**आवश्यकता है**

सुज़ुकी टू व्हीलर शोरूम को मैकेनिक व कम्प्यूटर के काम के लिये लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है। सैलरी योग्यता अनुसार होगी।

सम्पर्क करें- 9410433745, 9917057433




## आरएसएस की विचारधारा नहीं बदली- थरूर

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि आरएसएस का मुख्य मकसद भारत को हिंदू राष्ट्र और हिंदुत्व के रूप में आगे बढ़ाना है और यह मूल विचारधारा आज भी नहीं बदली है। थरूर ने ये बात मुंबई में शुक्रवार शाम को इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस के कार्यक्रम में कही। उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इसी कार्यक्रम में दिए बयानों को अच्छा संकेत माना है। उन्होंने कहा, मैं दस साल से संघ प्रमुख के बयानों को देख रहा हूं। अब उनमें बदलाव दिखता है। भागवत ने 6 जुलाई को जेन-जी और जेन-अल्फा से 1 घंटे तक बातचीत की थी। भागवत ने कहा था, जेन-जी और जेन-अल्फा, पुरानी पीढ़ी से भी ज्यादा देशभक्त और ईमानदार हैं। हमें उनकी बात समझनी चाहिए, उनसे बात नहीं हुई, तभी तो जंतर-मंतर पर आंदोलन हुआ। अलग विचारधारा वालों के साथ भी बातचीत जरूरी, जो लोग चाहते हैं कि मुझे पार्टी (कांग्रेस) से निकाल दिया जाए, क्योंकि मैं उस मंच पर गया था, जहां मोहन भागवत भी मौजूद थे। वे यह नहीं समझते कि अलग सोच रखने वालों के साथ भी बातचीत की जा सकती है। 2029 में जेन-जी सबसे बड़ा वोटिंग ग्रुप होगा।




**खुशखबरी खुशखबरी**

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

**कोर्सेस के नाम:**
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY 16 लाख मे WITH ROOM, FOOD TOTAL PACKAGE

**छात्रों के लिए विशेष लाभ:**
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp: 98374 58181, 94569 51520

Address: ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

# अग्निवीर अभ्यर्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए 1600 मीटर रेस प्रतियोगिता आयोजित



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के जलालाबाद स्थित बौरैकी गांव के समीप शुक्रवार को आनंद डिफेंस एकेडमी द्वारा 1600 मीटर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य आगामी 20 अगस्त को होने वाली अग्निवीर भर्ती की शारीरिक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों का मनोबल बढ़ाना व उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता का आयोजन आनंद कुमार, साजन कुमार (फौजी) तथा सनुज कुमार (फौजी) के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान लगभग 50 युवाओं ने पूरे उत्साह व जोश के साथ रेस में भाग लिया। प्रतियोगिता में युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा तथा सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में ज्वाला चंडी गांव के नन्दू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बौरैकी गांव के सैनी द्वितीय तथा शिवा तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को क्रमश: 1100 रुपये, 700 रुपये व 500 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही तीनों विजेताओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चौथे से दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनने व भर्ती परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में अंकुर, प्रिंस, विनीत, आकाश, प्रीतम, लक्की व अर्पण सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

# सहसपुर के मोहम्मद अमान ने बढ़ाया कस्बे का मान, चार प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ चयन



**सहसपुर (चिंगारी)।** सहसपुर के मोहल्ला हकीमपुरा निवासी मोहम्मद अमान ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अमान का चयन देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों जामिया मिल्लिया इस्लामिया, एनआईटी मद्रास, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी दिल्ली और इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी दिल्ली में बीटेक सहित उच्च शिक्षा के लिए हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और सहसपुर नगरवासियों में खुशी की लहर है। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अमान को बधाई दी। मोहम्मद अमान मोहल्ला हकीमपुरा निवासी श्री शादाब इलियास के पुत्र हैं। पिता शादाब इलियास ने बताया कि अमान बचपन से ही पढ़ाई में बेहद होनहार रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2026 में दिल्ली बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया था। सहसपुर एचएम कॉलेज के अंग्रेजी प्रवक्ता श्री मोहम्मद तहसीन उर्फ भंडारी ने अमान की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सहसपुर के लिए गौरव की बात है। देशभर से चुनिंदा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ही प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश का अवसर मिलता है। अमान ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि अमान ने न केवल अपने परिवार बल्कि सहसपुर नगर और अपने गुरुजनों का भी नाम रोशन किया है।

## नुक्कड़ सभा में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताईं

**नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा नेत्री लीना सिंघल ने नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल के ग्राम बौरैकी में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सभा में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा करते हुए 2027 में नजीबाबाद विधानसभा में भाजपा को विजय बनाने का संकल्प लिया गया।**

# एक मासूम की मौत और बेबस स्वास्थ्य व्यवस्था का कड़वा सच



7 वर्ष की मासूम प्रिशा का यूं डॉक्टर के इंतजार में दम तोड़ देना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था की गहरी विफलता का आईना है।

कई घंटों तक अपनी सांसों के लिए संघर्ष करती रही बच्ची और उसे समय पर इलाज तक न मिल पाना, यह सवाल खड़ा करता है कि आखिर हमारी व्यवस्था कितनी संवेदनहीन हो चुकी है। अस्पताल, जहां जिंदगी बचाने की उम्मीद लेकर लोग पहुंचते हैं, अगर वहीं लापरवाही और अनुपस्थिति का अड्डा बन जाए, तो आम नागरिक किस पर भरोसा करे? प्रिशा की मौत ने यह साफ कर दिया है कि कागजों पर भले ही स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत दिखाई जाएं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। यह कोई पहला मामला नहीं है जब डॉक्टरों की अनुपस्थिति या लापरवाही के कारण किसी की जान गई हो। अक्सर देखा जाता है कि अस्पतालों में समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते, स्टाफ की कमी होती है, और आपातकालीन स्थितियों में भी मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। यह लापरवाही नहीं, बल्कि एक गंभीर असफलता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि ऐसी घटनाओं के बाद भी जिम्मेदारी तय नहीं होती। जांच के आदेश दिए जाते हैं, आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं।

-आसिफ अली पत्रकार

# किसानों ने एक्सईएन से मुलाकात कर रखी समस्याएं



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली की समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विनोद परमार से उनके कार्यालय अजमल खां मार्ग पर मुलाकात कर उनके सामने बिजली की अनेक समस्याएं रखते हुए उनके हल की मांग की। एक्सईएन ने किसानों की समस्याएं सुनने के बाद कई समस्याओं का हल कराया तथा बाकी समस्याओं का जल्दी ही हल कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में संगठन के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खान, अतीक अहमद, इकराम अंसारी, अफसर कुरैशी, आफताब राईन, मौ. आसिफ आदि मौजूद रहे।


# बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

भूख और बदहाली से दम तोड़ रहे हैं गौवंश ( पेज 11 )



# सबको रूलाकर चला गया बिजनौर को हंसाने वाला

## अब कौन सुनायेगा वैसे चुटकुले, कौन बातों-बातों में गुदगुदी पैदा करेगा



**बिजनौर ( चिंगारी )। समाज में बहुत कम ऐसे लोग होते हैं, जो अपना तमाम समय दूसरों के हंसाने में बिताते हैं। जगदीश सचदेवा उर्फ काली ऐसे ही विरले इंसान थे, जो चलते-फिरते हुए भी लोगों को हंसाते थे।**

जगदीश सचदेवा को ज्यादातर लोग 'काली' के नाम से जानते थे। साहित्य विहार में रहने वाले जगदीश उर्फ काली के पास हंसी का पिटारा था। दोस्तों के बीच बात कितनी भी गंभीर चल रही हो, वे उसमें भी हास्य निकाल लेते थे। उनमें गजब का सेंस ऑफ ह्यूमर था। बात-बात में हास्य पैदा करने का जबरदस्त हुनर था। उनके चुटकुले बहुत नायाब होते थे। दूसरों को गुदगुदाने में उन्हें आनंद आता था। लोग भी उनसे मिलने और उनके चुटकुले सुनने को लालायित रहते थे।


यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस में डवलपमेंट ऑफिसर पद से सेवानिवृत्त जगदीश सचदेवा पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे और दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में उनका इलाज हो रहा था। काफी कोशिशों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। आज सुबह लगभग 8 बजे अपोलो हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। 69 वर्षीय जगदीश काली अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रों व एक पुत्रवधू सहित परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गये हैं।

### 'यारों के यार' थे काली

जगदीश काली की बहुत बड़ी मित्रमंडली थी। वे यारों के यार थे। उनकी मृत्यु का समाचार सुनकर सभी मित्रों की आंखें नम हो गईं। बिजनौर शहर ने अपने एक ऐसे नागरिक को खो दिया, जिसने खुशियां बांटीं। जिससे मिलकर सबको अच्छा लगता था। उसकी बातों से लोगों के होंठों पर मुस्कान आ जाती थी और चेहरा खिल उठता था। काली के बेहद करीबी मित्र ओम सहाय भटनागर बताते हैं, वह दूसरों को हंसाता, गुदगुदाता था, मगर उसने कभी अपना कोई दुख या दर्द किसी को नहीं बताया।

### कई लोगों ने उनके लिये रक्तदान किया

बीमारी से जूझते-जूझते जगदीश काली बहुत कमजोर हो गये थे। खून की जरूरत पड़ी तो बिजनौर से कई लोग ब्लड डोनेट करने के लिये अपोलो अस्पताल पहुंचे। काली लायंस क्लब बिजनौर सिटी के मेम्बर थे। क्लब के कई सदस्यों ने दिल्ली जाकर उनके लिये ब्लड डोनेट किया था, लेकिन जगदीश काली को बचाया नहीं जा सका। बिजनौर ने एक बहुत प्यारा इंसान खो दिया, जिसकी कमी हर महफिल में महसूस की जायेगी। **चिंगारी का नमन।**




# मोबाइल फोन चोरी के शक में महिला को चाकू घोंपा



घायल महिला

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मोबाइल चोरी के शक में एक महिला को चाकू मारकर लहूलुहान कर देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम जागीर की है। वहां के निवासी नेतराम के घर से एक मोबाइल फोन चोरी हो गया था। चोरी का आरोप सावित्री पत्नी लीलापत पर लगाया गया। सावित्री ने कहा चाहे घर की तलाशी ले लो, मैंने फोन नहीं चुराया। इस दौरान विवाद बढ़ने पर सावित्री को चाकू मार दिया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। घायल महिला को लेकर परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने सावित्री को सरकारी अस्पताल भेजा, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। नेतराम, सूरज व जगराम पर महिला को घायल करने का आरोप है।



भली लगे या बुरी...

## नई दवा नीति

हालांकि दवाओं के मूल्य निर्धारण को लेकर लागू नई दवा नीति के तहत 348 दवाओं के मूल्य निर्धारण में सरकारी नियंत्रण की बात बेशक की गई थी, लेकिन इस नीति के तहत मूल्य निर्धारण किए जाने का बारीकी से अध्ययन करने पर अर्थगणित की सुई कुछ और ही दिखाती नजर आती है। नई दवा नीति के तहत तय मूल्य निर्धारण के प्रावधान के मुताबिक किसी भी दवा उत्पाद में एक फीसद से ज्यादा शेयर रखने वाली ब्रांडेड दवा कंपनियों द्वारा अलग-अलग निर्धारित किए गए मूल्यों के कुल औसत को ही सरकार द्वारा दवा की अधिकतम कीमत मान लिया जाएगा। इस नीति के मसौदे में ऐसा कुछ भी नहीं दिखता, जिससे कि यह मान लिया जाए कि इससे दवाओं की कीमतों पर नियंत्रण लगेगा या दवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगी। दवा नियामक 'नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी' द्वारा पहले से चलते आ रहे तय फार्मूले के अनुसार लागत के आधार पर दवाओं के मूल्य निर्धारण प्रक्रिया को न अपना कर बाजारवादी मुनाफे के अनुकूल तैयार की गई नई दवा मूल्य निर्धारण नीति को एक दिखावे मात्र का खोखला कानून ही कहा जा सकता है। इस पूरी नीति पर सवाल यह उठता है कि जिस देश में दवाओं का बाजार एक लाख करोड़ का है, वहां सरकार अपना हाथ दवाओं के बाजार से खींचती क्यों नजर आ रही है? जबकि सरकार को यह बखूबी पता है कि निजी दवा कंपनियों द्वारा दवाओं में भारी मुनाफा कमाया जा रहा है। नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी के मानकों को खारिज कर मनमाने ढंग से दवाओं की कीमतों का निर्धारण कर रहीं दवा कंपनियां अपनी कुल लागत से लगभग पांच सौ प्रतिशत से भी ज्यादा का मुनाफा कमा रही हैं। कॉरपोरेट मंत्रालय की लागत लेखा शाखा ने अपने अध्ययन में यह खुलासा किया कि तमाम दवाओं को उनके लागत मूल्य से 1100 फीसद से ज्यादा के मुनाफे पर बाजार में बेचा जा रहा है। कंपनियों द्वारा तय की गई इन अनापशनाप कीमतों को मुनाफा कहने की बजाए 'खुली लूट' कहा जाना यथार्थ के अधिक करीब नजर आता है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान

## राष्ट्रप्रेम, एकता और जनभागीदारी का महापर्व



तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, त्याग, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रत्येक भारतीय के आत्मसम्मान, स्वतंत्रता, लोकतंत्र और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। इसकी तीनों रंग-पट्टियां और अशोक चक्र हमारे राष्ट्र के आदर्शों, मूल्यों और विकास यात्रा की प्रेरणा देते हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से तिरंगा केवल सरकारी भवनों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रत्येक भारतीय के हृदय में सम्मान और गर्व का विषय बना। इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया, जो आज एक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर चुका है। हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ना तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अभियान का उद्देश्य केवल घरों पर तिरंगा फहराना नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय को अपने राष्ट्र के गौरव, स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराना भी है। यह अभियान नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और अपनत्व की भावना विकसित करता है तथा यह संदेश देता है कि भारत की शक्ति, उसकी एकता, विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित है। वर्ष 2022 में भारत ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया। इसी अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान को देशभर में अभूतपूर्व जनसमर्थन प्राप्त हुआ। करोड़ों परिवारों ने अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों, विद्यालयों और संस्थानों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके बाद यह अभियान प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाने लगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायतों और शहरी निकायों ने इसे जनभागीदारी का उत्सव बना दिया। हर घर तिरंगा अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि नागरिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसमें देश के बच्चों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, सैनिकों, शिक्षकों, व्यापारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलती है। विद्यालयों में तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, देशभक्ति गीत, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। युवा सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान को नई ऊर्जा देते हैं। विभिन्न स्वयंसेवी संगठन और सामाजिक संस्थाएं तिरंगा वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती हैं। आज का युवा भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति है। हर घर तिरंगा अभियान युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करता है। जब युवा स्वयं तिरंगा लेकर अभियान में भाग लेते हैं, तब वे केवल ध्वज नहीं फहराते, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प भी लेते हैं। यह अभियान युवाओं को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, संविधान के आदर्शों और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन गया है। यह अभियान राष्ट्रीय एकता एवं एकात्मकता का भी प्रतीक है। हमारा भारत अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और विविधताओं वाला देश है, लेकिन तिरंगा हम सभी को एक सूत्र में बांधता है।

▶▶ सुरेन्द्र शर्मा

# चल संन्यासी अखाड़े में..



डा. सुधाकर आशावादी

जिसका काम उसी को साजे, और कोई करे तो मुसीबत बाजे। कहते हैं न कि नाचने के लिए शरीर में क्षमता भी होनी चाहिए और नृत्य कौशल भी। फिर भी कव्वा चले हंस की चाल और अपनी भी चाल भूल जाए। व्यवहार में ऐसा होता ही है। रंगमंच उनके लिए है, जो अभिनय में निपुण होते हैं। जिसे अभिनय का अभी समझ न आए और वह अभिनय करने लगे, तो हंसी का पात्र तो बनता है, साथ ही बिन बुलाई मुसीबतों को आमंत्रित कर लेता है।

अपने बड़बोले मित्र इसी का शिकार हैं। उन्हें कोई अपने आस-पास बिठाना नहीं चाहता और वह बिन बुलाए कहीं भी जा धमकते हैं। बड़बोले हैं, कभी अपने गिरेबान में नहीं झांकते, पर दूसरों पर उंगलियां उठाते रहते हैं। हुआ यूं कि किसी ने मित्र महोदय से कह दिया कि बड़ी हवेली के परिसर में नाटक करेंगे। उन्हें नाटक करने की आजादी है। वह झाड़ पर चढ़ गए। उन्होंने साधु का वेश धारण कर लिया, गले में अनेक मालाएं धारण कर लीं। हाथ की कलाइयों में भी माला लपेट ली। माथे पर लम्बा तिलक लगाकर अपने सम्मुख दान पात्र रखकर बैठ गए। इस नाटक में अनेक नाटकबाज उनके इर्द-गिर्द इकट्ठा हो गए। नाटकबाज भी ऐसे जिन्हें केवल नौटंकी से सरोकार था। जो कभी कमीज पर जनेऊ धारण करते थे, कभी अन्य किसी प्रकार की नौटंकी के लिए मशहूर थे। बहरहाल नाटक कोई खास सन्देश देने के लिए था, किन्तु उस नाटक में उपहास संन्यासियों का ही उड़ाया गया, उन्हें चोर सिद्ध करके बदनाम करने के लिए किया गया।

मित्र महोदय और उनके संगी साथी भी जानते थे, कि केवल साधु संन्यासियों को ही बदनाम किया जा सकता है, अन्य किसी भी धर्म गुरु का वेश धारण करने में संकट उत्पन्न हो सकता है। सो साधु का वेश धारण करके साधु संन्यासियों का जितना उपहास उड़ाया जा सकता था, उतना उन्होंने उड़ाया। नाम दिया अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का। आखिर सब्र की भी अपनी सीमा होती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता केवल मित्र महोदय के लिए नहीं थी, अन्य के लिए भी थी। सो घर बार छोड़कर साधु बने सन्यासी क्रोध से भर उठे। यह स्वाभाविक भी था। क्रिया की प्रतिक्रिया तो होनी ही थी। साधुओं की टोली मित्र महोदय के घर पहुंच गई। प्रदर्शन करने लगी। कहने लगी कि साधु का वेश धारण करके साधुओं का उपहास उड़ाने वाले को साधु की परिभाषा समझाएंगे। साधु परम्परा से अवगत कराएंगे। संन्यास आश्रम में उनका विधि विधान से प्रवेश कराएंगे। पहले उनसे उनका पिंडदान कराएंगे, फिर उनसे भिक्षा मंगवाएंगे। पहले भिक्षा उस महिला से दिलाएंगे, जो कभी उनकी अर्धांगिनी रही हो। फिर उन्हें अखाड़े में ले जाएंगे। मित्र महोदय ने नाटक करते समय तस्वीर के दूसरे पहलू के बारे में सोचा ही नहीं था। अब मित्र महोदय परेशान हैं। उनके लिए आगे कुआं, पीछे खाई जैसी स्थिति बनी हुई है। वह समझ नहीं पा रहे हैं कि अपने घर जाएं या न जाएं। उनके संगी साथी जो उनके साथ साधुओं का उपहास उड़ाने में साथी कलाकार की भूमिका निभा रहे थे, सुना है कि उन्होंने भी उनसे दूरी बना ली है।

# हॉस्पिटल के नंगे फर्श पर पड़ी रही नन्ही परी की लाश

## तीन घंटे तक गूंजती रही इंसानियत की चीखें

-मरगूब रहमानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वह सात साल की बच्ची थी। फूल से भी नाजुक। इतनी मासूम कि उसकी एक मुस्कान से घर की सारी उदासी दूर हो जाती थी। उसके रोने की हल्की सी आवाज भी मां-बाप के कलेजे को चीर देती थी। मगर जिस दिन भगवान का दूसरा रूप कहे जाने वाले डाक्टर की संवेदनहींता ने उस नन्ही परी को निगल लिया, उस दिन उसके हिस्से में न फूल आए, न गोद का सहारा और न लाशों को मिलने वाला अपेक्षित सम्मान, जिसका हक इंसान की अंतिम सांस के बाद भी बचा रहता है।




जिंदगी और मौत के बीच जूझती रही प्रिशा को समय पर समुचित चिकित्सकीय मदद नहीं मिली। वह तड़पती रही, उसके माता-पिता उसे बचाने के लिए गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी फरियाद अस्पताल की दीवारों से टकराकर लौटती रही। और फिर एक ऐसा मंजर सामने आया, जिसे देखकर इंसानियत भी शायद शर्म से सिर झुका दे। मासूम प्रिशा की मौत के बाद उसका शव अस्पताल के नंगे फर्श पर डाल दिया गया।

### न चादर, न सम्मान, न संवेदना

अस्पताल के किसी भी कौने में ऐसी संवेदना दिखाई नहीं दी, जैसी एक मासूम की मौत के बाद अपेक्षित थी। परिजनों की आंखों से आंसुओं की धार बह रही थी, मां-बाप की सिसकियां वातावरण को चीर रही थीं, मगर अस्पताल स्टाफ के चेहरे पर शिकन तक नहीं थी। उनके दिलों पर बच्ची से लिपटकर रो रहे माता-पिता की सिसकियां असर नहीं कर रही थीं, उनका फोकस तो इस पर था कि माता-पिता जल्दी से बच्ची की लाश को ले जाएं।

### तीन दिन की थी जब आई थी घर

हल्दौर निवासी वरिष्ठ पत्रकार संजीव मिश्रा व उनकी पत्नी प्रीति मिश्रा के जीवन में कभी एक ऐसा समय भी था, जब उनका आंगन सूना था। करीब सात वर्ष पहले मुरादाबाद क्षेत्र से महज तीन दिन की एक बच्ची उनके जीवन में आई। वह नन्ही सी जान उनके लिए सिर्फ गोद ली हुई बच्ची नहीं थी, वह उनकी दुनिया थी। उन्होंने उसका नाम रखा प्रिशा यानी प्रिय अथवा भगवान का उपहार। और सचमुच प्रिशा उनके लिए भगवान का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार था। वह बीमार पड़ती तो घर की सारी खुशियां जैसे ठहर जातीं। जिस बच्ची के माथे पर शिकन तक माता-पिता से नहीं देखी जाती थी, उसी बच्ची के अंतिम क्षणों में उनके सामने ऐसा दर्द खड़ा था, जिसकी कल्पना भी किसी पत्थर दिल इंसान को भी भीतर तक हिला दे। जिस पिता ने सात साल तक अपनी बेटी की हर खुशी के लिए संघर्ष किया, उसके सामने अचानक उसकी दुनिया ही खत्म हो गई। इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा कि जिस जगह इंसान इलाज के लिए उम्मीद लेकर पहुंचता है, वहां से किसी परिवार को अपनी उम्मीद का जनाजा उठाना पड़े।



### प्रिशा की कहानी यहीं खत्म नहीं होनी चाहिए

प्रिशा की मौत सिर्फ एक परिवार का निजी दुख बनकर नहीं रहनी चाहिए। यह घटना व्यवस्था के सामने एक आईना है, क्योंकि अस्पताल की दीवारें उस दिन सिर्फ एक बच्ची की मौत की गवाह नहीं बनीं। वे एक मां की चीख की गवाह बनीं। एक पिता के टूटने की गवाह बनीं। एक परिवार की सात साल की खुशियों के उजड़ने की गवाह बनीं। और इस सवाल की भी गवाह बनीं- आखिर इंसानियत गई कहां?

# विधायक ओमकुमार ने संजीव मिश्रा के परिवार को ढांढस बंधाया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने आज सुबह नगर के पत्रकार संजीव मिश्रा के निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी सात वर्षीय पुत्री प्रिशा के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। इस पर संजीव मिश्रा एवं उनकी पत्नी प्रीति मिश्रा विधायक के सामने फूट-फूटकर रोने लगे, जिससे माहौल गमगीन हो गया। स्थानीय मौहल्ला तोल्हावाला स्थित संजीव मिश्रा के आवास पर पहुंचे विधायक ओमकुमार ने प्रिशा के असामायिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बधाया। संजीव मिश्रा ने विधायक ओमकुमार को बताया कि सीएमओ द्वारा गठित जांच समिति में जो सदस्यों को रखा गया है उन पर तो स्वयं ही विभागीय जांच चल रही है। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर जांच कमेटी बनाने की मांग की। जिस पर विधायक ओम कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में वह आज ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से बात करेंगे। वह इस घटना के बारे में मुख्यमंत्री को भी अवगत कराएंगे। इस दौरान संतोष कुमार मिश्रा, भाजपा नेता अनिल सिंह, पीयूष चौहान, दर्पण रावल, दीप रस्तोगी, अतुल गांधी, डॉ. प्रदीप दुबे, अवनीश शर्मा व विकास पंकज आदि उपस्थित रहे।

# दिगंबर सिंह भी पहुंचे पीड़ित परिवार से मिलने



**भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के युवा अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध किसान नेता चौ. दिगम्बर सिंह ने आज संजीव मिश्रा के हल्दौर आवास पर पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने प्रिशा की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।**

# सच्ची तौबा से बड़े से बड़ा गुनाह भी माफ हो जाता है- मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी



**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** इस्लाह-ए-मुआशरा के सिलसिले में कब्रिस्तान वाली मस्जिद अबू बकर में जुमा से पहले एक इस्लाही और ईमान अफ़रोज़ बयान का आयोजन हुआ, जिसमें मशहूर आलिम-ए-दीन मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी अफ़ज़लगढ़ ने अवाम से ख़िताब किया। अपने ख़िताब में मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी ने तौबा व इस्तिग़फ़ार की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि इंसान से ज़िंदगी में गुनाह और ग़लतियां हो जाती हैं, लेकिन अल्लाह तआला की रहमत बहुत वसीअ है। अगर कोई शख़्स अपने गुनाहों पर सच्चे दिल से नादिम होकर अल्लाह तआला की तरफ़ रुजू करे, गुनाह को छोड़ दे और आइंदा गुनाह न करने का पक्का इरादा करे तो अल्लाह तआला उसकी तौबा क़ुबूल फ़रमाता है। उन्होंने कहा कि इंसान को अपने गुनाहों की कसरत देखकर अल्लाह की रहमत से मायूस नहीं होना चाहिए। चाहे किसी शख़्स के गुनाह कितने ही ज़्यादा क्यों न हों, अगर वह इख़्लास और सच्चे दिल के साथ तौबा करे तो अल्लाह तआला की रहमत से उसकी मग़फ़िरत की उम्मीद रखनी चाहिए। क़ुरआन व हदीस में अल्लाह तआला की मग़फ़िरत और रहमत की बार-बार खुशख़बरी दी गई है। मुफ़्ती रियाज़ क़ासमी ने अवाम को नमाज़ की पाबंदी, गुनाहों से बचने, हुक़ूक़ुल-इबाद की अदायगी, वालिदैन के साथ हुस्न-ए-सुलूक और अपने मामलात को दुरुस्त करने की तलक़ीन करते हुए कहा कि मुआशरे की इस्लाह सिर्फ़ दूसरों की इस्लाह से नहीं, बल्कि हर शख़्स के अपने किरदार और अमल की इस्लाह से शुरू होती है। बयान के इख़्तिताम पर तमाम मुसलमानों को गुनाहों से सच्ची तौबा करने, नेक आमाल इख़्तियार करने और अपने मुआशरे को बेहतर बनाने की तरग़ीब दी गई। यह प्रोग्राम इस्लाह-ए-मुआशरा के मक़सद के तहत मुनअक़िद किया गया, जिसमें मस्जिद के नमाज़ियों और मुक़ामी अवाम ने शिरकत की और इस्लाही बयान से इस्तिफ़ादा किया।

# फुलसंदा आश्रम पर हो रही कांवड़ियों की सेवा

## नशा न करने की अपील की जा रही



**नहटौर ( चिंगारी )।** सावन की शिवरात्रि नजदीक आते ही कांवड़ियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। फुलसंदा आश्रम पर श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ियों की सेवा की जा रही है। साथ ही उनसे नशे से दूर रहने का अपील भी की जा रही है। फुलसंदा स्थित आश्रम पर सतपुरुष बाबा फुलसंदे वाले भी साधकों के साथ कांवड़ियों को प्रसाद का वितरण कर रहे हैं। फुलसंदा आश्रम में आयोजित शिविर में कांवड़ियों के रहने-खाने एवं चिकित्सा की गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूर्ण व्यवस्था की गई है। आश्रम की ओर से अग्नि देवता, धनपति देवता, गरुड़ देवता, सोहंग देवता, राहुल देवता, आकाश देवपुत्र कुलबीर देव पुत्र आदि द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के साथ-साथ उनसे नशा न करने की अपील की जा रही है। भारी संख्या में पहुंचे कांवड़ियों की सेवा के लिए साधक पूरे मनोयोग से जुड़े हुए हैं। लाउडस्पीकर द्वारा कांवड़ियों से अग्नि देवता एवं अन्य साधकों द्वारा पान, बीड़ी, गुटखा, मदिरा नशा न करने का आह्वान किया है। अग्नि देवता ने बताया कि प्रतिदिन भारी संख्या में कांवड़ियां शिविर में पहुंच रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशा शरीर को नुकसान देता है। राहगीरों व कांवड़ियों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# मेघा अग्रवाल चुनी गईं तीज क्वीन, इंस्टॉलेशन भी हुआ

**धामपुर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा स्वस्तिक गार्डन में तीजोत्सव और इंस्टॉलेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। तीजोत्सव में महिलाओं को मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उसके बाद पुष्पा माहेश्वरी व सतपाल चावला की वाइफ को पंक्चुअलिटी का गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी सीनियर्स लेडीज हिमानी अग्रवाल, प्रिया गर्ग, मीनाक्षी शर्मा, मेघना अग्रवाल, माही अग्रवाल, हिमांशी शर्मा, माही शर्मा आदि ने सावन के गीत गाए झूला झूला और डांस किया।

तीजोत्सव में आयोजित तीज क्वीन प्रतियोगिता में रैंप वॉक का आयोजन किया गया जिसमें तीज क्वीन मेघा अग्रवाल को चुना गया। प्रोग्राम का संचालन संधि नंदा, अविनाश कौर और रवनीत कौर ने संयुक्त रूप से किया।

इसके पश्चात रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया का इंस्टॉलेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। मेहमानों का स्वागत माला पहनाकर किया। मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।



अध्यक्ष रो. गगनदीप सिंह को कालर पहनाकर पदभार ग्रहण कराते हुए मण्डलाध्यक्ष पायल गौर।


तीज क्वीन चुनी गई मेघा अग्रवाल को ताज पहनाते हुए श्रीमती पायल गौर।

मंचासीन रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रीयल एरिया के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह चावला और सचिव सरदार गुरदीप सिंह को मंडल 3100 की अध्यक्ष श्रीमती पायल गौर, सागर शर्मा,परतिश सिंह और संजीव बंसल ने कोलर पहनाकर पदभार ग्रहण कराया।

मंडल 31 00 की अध्यक्ष श्रीमती पायल गौर ने कहा कि इस वर्ष संस्था को नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और माइनॉरिटी समुदाय की शिक्षा पर कार्य योजना बनाकर काम करना है। नए सचिव सरदार गुरदीप सिंह ने जुलाई मे किए प्रोजेक्ट तथा आगामी प्रोजेक्ट के बारे में बताया। निवर्तमान अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का वर्णन किया। वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा ने कहा कि टीम भावना से कार्य करके ही संगठन को गति मिलती है। प्रोग्राम के समापन पर संस्था के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कार्यक्रम में इनको सम्मानित किया

**प्रोग्राम में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष एडवोकेट अमरजीत सिंह, सचिव गुरुचरण सिंह, व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष गुरशरण सिंह मोहन पूर्व सभासद जसप्रीत सिंह, स्कॉलर वैली के डायरेक्टर जसप्रीत सिंह व हल्दौर, कोटद्वार, स्योहारा से आए रोटरी क्लब के सदस्यों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। प्रोग्राम का संचालन मनीष गर्ग ने किया।**

## खंभे से टकरा कर बाइक सवार युवक घायल

**धामपुर (चिंगारी)।** मुरादाबाद से बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जल लेने जा रहा एक युवक आज प्रातः धामपुर में विकासखंड कार्यालय के पास खंभे से टकरा जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में चोट लगने से घायल हुए मुरादाबाद निवासी विनीत कुमार को मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में भर्ती कराया।


घायल युवक।

## किसान अभी से शरदकालीन गन्ना बुवाई की तैयारी शुरू कर दें : आशीष शर्मा

### कुंवर बसेड़ा में किसान गोष्ठी का आयोजन

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर शुगर मिल द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और गन्ना उत्पादन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ग्राम कुंवर बसेड़ा, जोन हबीबवाला में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। पूर्व सभापति राजवर्धन सिंह उर्फ आलोक कुमार, सहकारी गन्ना समिति धामपुर के आवास पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने किसानों से कहा कि शरदकालीन गन्ना बुवाई की तैयारियां अभी से शुरू कर दें, ताकि समय पर बुवाई कर अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने खेतों में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने, फसल चक्र अपनाने, गहरी जुताई के महत्व तथा वैज्ञानिक खेती के विभिन्न तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने किसानों को गन्ने में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम, फार्म मशीनरी बैंक की सुविधाओं तथा कीटनाशक और फफूंदीनाशक दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी देते हुए कहा कि किसान किसी भी तकनीकी सहायता के लिए धामपुर शुगर मिल के जोन कार्यालय हबीबवाला से संपर्क कर सकते हैं।

सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि वर्तमान में सट्टा प्रदर्शन का कार्य चल रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना बेसिक कोटा, गन्ना क्षेत्रफल, कृषि योग्य भूमि, बैंक खाता, मोबाइल नंबर और आधार नंबर सहित सभी विवरण ध्यानपूर्वक जांच लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो तुरंत अपने गन्ना पर्यवेक्षक के समक्ष आपत्ति दर्ज कराकर उसका संशोधन कराएं। कार्यक्रम में जॉन मैनेजर सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह तथा जॉन का समस्त फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

## आरएसएम कॉलेज में 'नशा मुक्त भारत' पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**धामपुर (चिंगारी)।** आर.एस.एम. महाविद्यालय, धामपुर में 'नशा मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन NCORD के समन्वयक डॉ. हिमांशु त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया गया।

भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. शौराज सिंह, प्रो. आर.के. सिंह एवं डॉ. देवेश पाठक शामिल रहे। वहीं निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. शौराज सिंह, प्रो. रमाकांत एवं डॉ. राजेश कुमार शामिल रहे। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित निर्णयनुसार भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका विश्नोई, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान महक सैफी, बी.ए. पंचम सेमेस्टर, तृतीय स्थान स्पर्धा रानी बी.ए. पंचम सेमेस्टर एवं हृदेश बी.एससी. ऑनर्स, एग्रीकल्चर प्रथम सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी रानी बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान प्रियंका रावत बी.एससी. ऑनर्स एग्रीकल्चर तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान प्रज्ञा पटेल, बी.एससी. ऑनर्स एग्रीकल्चर तृतीय सेमेस्टर एवं श्रेया मित्तल बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. रवि धनकड़, डॉ. राजेश कटियार, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आकाश एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाकियू ने विद्युत अधिकारियों को पंचायत में बुलाया अपनी कई समस्याओं का वहीं निस्तारण कराया

**धामपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत विद्युत वितरण खंड धामपुर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह एवं संचालन अरविंद राजपूत द्वारा किया गया। पंचायत में खेतों एवं सड़कों पर बिजली की जर्जर लाइनों, किसानों के घरेलू कनेक्शनों का बिना अनुमति के लोड बढ़ाने एवं किसानों के अधिक बिल भेजने के संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण धामपुर, अधिशासी अभियंता फर्स्ट, अधिशासी अभियंता द्वितीय को पंचायत में बुलाकर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। कुछ समस्याओं को लेकर बिजली विभाग द्वारा दो-चार दिन का समय मांगा गया है। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, न्याय पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार, सुरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, राजीव शर्मा, न्याय पंचायत अध्यक्ष मोहम्मदपुर अनुज कुमार, कुशल पाल सिंह, आनंद कुमार, दिनेश प्रधान, भानु प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।



# स्वतंत्रता दिवस पर जिले में लहरायेंगे सात लाख झण्डे

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 को भव्य, गरिमामय और जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलेभर में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस बार 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिले में सात लाख तिरंगे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम जिला मुख्यालय के साथ तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे।



मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी कार्यक्रम निर्धारित समय पर प्रभावी ढंग से आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में पहले राष्ट्रीय गीत और उसके बाद राष्ट्रगान होगा। साथ ही स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाले होने चाहिए।

## 13 से 15 अगस्त तक भवनों पर होगी तिरंगा थीम की रोशनी

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी सरकारी भवनों पर तिरंगा थीम आधारित प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। 14 अगस्त को पर्यावरण जागरूकता रैली, वृक्षारोपण और किसानों को पौधों का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शाम 4:30 बजे विकास भवन परिसर में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी आयोजित होगी। इसमें विस्थापित परिवारों को आमंत्रित कर उनके अनुभव साझा कराए जाएंगे और विभाजन की त्रासदी में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस बार तिरंगा रैली, तिरंगा कंसर्ट और तिरंगा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। 14 अगस्त की रात सरकारी और प्रमुख सार्वजनिक भवनों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि तिरंगे का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों और नगरीय क्षेत्रों में डूडा के माध्यम से कराया जा रहा है। हर घर तिरंगा पोर्टल लॉन्च किया गया है। जिलेवासी नौ अगस्त से तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। 9 से 17 अगस्त तक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, निजी कंपनियों और घरों पर तिरंगा फहराया जा सकेगा। 15 अगस्त को सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, शहीद स्मारकों और अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण होगा। वहीं 14 और 15 अगस्त को सिनेमा हॉलों में राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, एसडीएम सदर स्मृति मिश्रा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# गुलदार पीड़ित परिवार के यहां पहुंचे विधायक सुशांत सिंह

**रायपुर सादात (चिंगारी)।** नगीना देहात क्षेत्र गांव सिगनी वाला में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने गुलदार के हमले में जान गंवाने वाले बालक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया।



विधायक ने कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और झकझोर देने वाली है। उन्होंने परिजनों से कहा कि वह इस कठिन समय में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और शासन स्तर से मिलने वाली हर संभव सहायता दिलाने के लिए स्वयं प्रयास करेंगे। इस दौरान विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत कर क्षेत्र में गुलदार के बढ़ते आतंक पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीण भय के माहौल में जी रहे हैं, इसलिए प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए। एक गुलदार को पकड़ लिया गया है, दूसरे गुलदारों को भी जल्द से जल्द पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा तथा लोगों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

इस मौके उपजिलाधिकारी प्रिंस कुमार, डीएफओ पृथ्वीराज, एसडीओ अंशु चावला, पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम, वन विभाग रेंजर सचिन शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह, उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, राजा प्रधान, डॉ. सुशील कुमार, हीरा सिंह, जशनदीप सिंह, मनदीप सिंह, पलकित सिंह, परमजीत सिंह, रविंद्र डीलर, करण डीलर, रविंद्र सिंह, सीमा प्रधान, अंकुर कुमार, विक्की गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बैराज पर गंगा में ख़तरे के निशान से 80 सेमी नीचे बह रहा पानी

**बिजनौर (चिंगारी)।** कई दिनों से लगातार पहाड़ों व मैदानी इलाकों में हो रही बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। शुक्रवार को गंगा का जलस्तर 219.20 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से करीब 80 सेंटीमीटर नीचे है। फिलहाल गंगा में 2,02000 क्यूसेक पानी चल रहा है। सिंचाई विभाग के मुताबिक पिछले दो दिनों से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। मध्य गंगा बैराज के अधिशासी अभियंता कृष्ण पाल ने बताया कि दो दिनों से पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने से गंगा 219.20 मीटर पर बह रही है। लगातार गंगा के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।

## गंगा किनारे बसे लोगों से अपील

**प्रशासन ने गंगा किनारे बसे गांवों के लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें। साथ ही, मौसम और जलस्तर से जुड़ी विभागीय सूचनाओं पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम से समान मात्रा में पानी छोड़ा गया।**

# संविधान की रक्षा सर्वोपरि-शेर सिंह

## नहटौर विधानसभा से संभावित प्रत्याशी शेर सिंह ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**लखनऊ/बिजनौर (चिंगारी)।** राजधानी के वीआईपी इलाके आलमबाग स्थित ऐतिहासिक इको गार्डन मैदान में शुक्रवार को मंडल चेतना जनआंदोलन द्वारा एक भव्य मंडल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भारी संख्या में शिरकत कर सामाजिक न्याय की आवाज को बुलंद किया।

कार्यक्रम के दौरान मंच से बोलते हुए नेटवर्क विधानसभा से संभावित प्रत्याशी शेर सिंह ने बहुजन समाज के हक-अधिकारों, मंडल आयोग की सिफारिशों के पूर्ण क्रियान्वयन और भारतीय संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि शोषितों, वंचितों और पिछड़ों के अधिकारों पर जब भी हमला होगा, आजाद समाज पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी।




कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे नहटौर (21) विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी एवं आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के वरिष्ठ नेता शेर सिंह ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उन्होंने मंडल आंदोलन के महापुरुषों को याद करते हुए सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। शेर सिंह ने अपने संबोधन में कहा, आज लखनऊ के इको गार्डन में मंडल चेतना जनआंदोलन द्वारा आयोजित मंडल दिवस कार्यक्रम में अपनी पार्टी के बैनर तले सहभागिता निभाने का गौरव प्राप्त हुआ।

# 'जेन जी' तक पहुंचेगी योगी सरकार

## प्रशासनिक अधिकारी करेंगे छात्रों से संवाद


अपर मुख्य सचिव ( माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा ) पार्थ सारथी सेन

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल ही में हुए छात्रों के प्रदर्शन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की नसीहतों के बाद अब उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने जेन जी तक पहुंचने की कवायद शुरू कर दी है ताकि बड़ी परीक्षाओं को लेकर उनके मन में उठ रहे सवालों का समय रहते समाधान किया जा सके। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के इंटरमीडिएट स्तर के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार, उद्यमिता और लोकसेवा के प्रति प्रेरित करने के लिए नई पहल शुरू की है। इसके तहत जनपदों में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) तथा भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के युवा अधिकारी विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों से नियमित संवाद करेंगे और उनका मार्गदर्शन करेंगे। इस आदेश को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के युवाओं का सर्वांगीण विकास तथा उनकी क्षमताओं का समुचित उपयोग राज्य सरकार की प्राथमिकता है। युवाओं को समय-समय पर उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक परामर्श उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मविश्वासी, जागरूक और विकासोन्मुख नागरिक बनाया जा सकता है।

श्री शर्मा ने बताया कि युवा आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी अपने अनुभव, कार्यशैली और जीवन संघर्ष के आधार पर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। उनके साथ प्रत्यक्ष संवाद से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान होगा, उन्हें अपने भविष्य की दिशा तय करने में सहायता मिलेगी तथा शासन और समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा। शर्मा के मुताबिक, सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जनपद में तैनात युवा आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी प्रत्येक माह कम से कम एक इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालय का भ्रमण करें। इसके लिए राजकीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन और निजी विद्यालयों के प्रबंधन से समन्वय स्थापित किया जाए।

उन्होंने बताया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान अधिकारी विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों तथा सार्वजनिक सेवा के अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन देंगे।

शासन का मानना है कि इस पहल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा, उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति स्पष्ट दिशा मिलेगी और वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होंगे। निर्देश के अनुसार, प्रत्येक जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जनपद में तैनात युवा आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी प्रत्येक माह कम से कम एक राजकीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन अथवा निजी इंटरमीडिएट विद्यालय का भ्रमण करें।

विद्यालयों में औपचारिक भाषण के बजाय सहभागितापूर्ण संवाद और प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रख सकें। संवाद कार्यक्रमों में जीवन का लक्ष्य निर्धारण, करियर नियोजन, प्रभावी अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन और आत्मानुशासन जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

# नांगल क्षेत्र में कांवड़ियों की संख्या बढ़ी


कलश कांवड़ लेकर गंतव्य की ओर जाते बिजनौरी कांवड़िये

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान पहले जहां स्थानीय सड़कों पर हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले पैदल कांवड़ती इक्का-दुक्का ही नजर आते थे, वहीं अब यहां से भी सैकड़ों पैदल कांवड़ती निकल रहे हैं। हालांकि अधिकांश कांवड़ती कलश कांवड़ लेकर निकल रहे हैं। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक चल रही है। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सड़कों पर जगह-जगह पुलिस तैनात है। अधिकारी लगातार कांवड़ रूट का दौरा, निरीक्षण कर रहे हैं। बिजनौर-मंडावली मार्ग तथा नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग से बड़ी संख्या में कांवड़ियों के चौपहिया तथा दुपहिया वाहन गुजरते हैं। विशेषकर डाक कांवड़ के वाहन क्षेत्र से भारी संख्या में गुजरते हैं। गत वर्षों में क्षेत्र से निकलने वाले पैदल कांवड़ियों की संख्या इक्का-दुक्का ही होती थी, मगर इस बार सैकड़ों की संख्या में पैदल कांवड़ती निकल रहे हैं। कोई कांवड़िया 21 लीटर, कोई 51 लीटर, कोई 101 लीटर, कोई 111 लीटर, कोई 121 लीटर, कोई 151 लीटर, तो कोई इससे ज्यादा मात्रा में भी गंगाजल लेकर आ रहा है।

## अनुराधा देशवाल का स्वागत किया



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाकियू (भानू) की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता ठाकुर ने विगत 5 अगस्त को अनुराधा देशवाल को महिला मोर्चा की बिजनौर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया था। शुक्रवार को अनुराधा देशवाल का जिलाध्यक्ष अचल शर्मा की मौजूदगी में संगठन के कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अनुराधा देशवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कार्यकर्ताओं, महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिये पूरी ताकत से प्रयास करेंगी। सशक्त समाज के लिये महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। संगठन को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अचल शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति समाज और संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उनका संगठन महिलाओं को नेतृत्व, सम्मान और बराबरी का अधिकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। युवा वर्ग के जिलाध्यक्ष विकुल चौधरी, जिला संगठन मंत्री अहसान मंसूरी, जिला महासचिव सरफराज मंसूरी तथा काफी संख्या में महिलायें मौजूद रहीं।

**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

## चिंगारी में छपी ख़बर, तो हुआ असर

# कूड़े के ढेर पर चला पीला पंजा



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** 3 अगस्त को चिंगारी समाचार-पत्र में सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर और उससे उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर प्रकाशित ख़बर का शुक्रवार को असर देखने को मिला है। ख़बर प्रकाशित होने के बाद ग्राम पंचायत ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सलेमपुर खादर, फैजीपुर खादर में सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेरों को जेसीबी की मदद से हटवा दिया है। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के जलीलपुर-छाछरी मोड़ संपर्क मार्ग पर स्थित ग्राम सलेमपुर खादर, फैजीपुर खादर में सड़क के दोनों ओर कुछ ग्रामीणों द्वारा लगातार कूड़ा डाला जा रहा था। देखते ही देखते कूड़े के ढेर सड़क किनारे अतिक्रमण का रूप लेने लगे थे। इससे राहगीरों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार कूड़े के ढेर के पास ही आदर्श किसान जूनियर हाईस्कूल तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय फैजीपुर स्थित हैं। इन विद्यालयों में प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। सड़क किनारे कूड़ा जमा होने के कारण बरसात में स्थिति और गंभीर हो जाती थी। ट्रैक्टर, बाइक अथवा पशुओं के साथ जंगल जाने वाले ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। एडीओ पंचायत विकासखंड जलीलपुर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क किनारे कूड़ा डाले जाने की शिकायत का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। शुक्रवार को ग्राम प्रधान की मौजूदगी में जेसीबी लगाकर सलेमपुर, फैजीपुर में सड़क किनारे पड़े कूड़े के ढेर हटवा दिए गए हैं।


आज ही उसकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कूड़ी डालने से परेशानी

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ व्यक्तियों ने गांव सलेमपुर खादर के पास ही रोड के किनारे कूड़ी डाल दी है, ऐसे समय में अगर कोई ट्रैक्टर, बाइक या पशुओं के लिए जंगल चारा लेने जाते समय भैंसा-बोगी उसमें चली जाए तो बचना बड़ा मुश्किल होगा। वहीं गंदगी के कारण संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका है, कांवड़ यात्रा को लेकर शासन-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ऐसे में जिले के बड़े अधिकारियों को इस ओर जरूर ध्यान देना चाहिए।

### सड़क किनारे कूड़ा न डालें

एडियो पंचायत सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालें। सरकार द्वारा निर्धारित खाद के गड्ढों में ही कूड़ा डाला जाए। जगह-जगह कूड़ा डालने से गंदगी फैलने के साथ संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। गांव को स्वच्छ रखने के लिए ग्रामीणों से पंचायत का सहयोग करने की अपील की गई है।

### चिंगारी का आभार जताया

कूड़े के ढेर हटाए जाने के बाद बबलू चौहान, चुन्नू सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, चंद्रपाल, राजीव, ब्रह्मपाल सिंह, मलखान, राजेंद्र, सतीश चौहान, कैलाश, किरण देवी, सुधा, चमनो देवी, डॉ. गीताराम आदि ग्रामीणों ने समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित करने के लिए चिंगारी समाचार-पत्र का आभार जताते हुए कहा कि समाचार प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्या का संज्ञान लिया और मौके पर सफाई कराई गई है।

# श्री कालूराम, 86 की उम्र में भी युवाओं जैसा जोश तमाम

**80 + प्लस**



–नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां कम उम्र के लोग भी तनाव, असंतुलित दिनचर्या और बीमारियों से जूझ रहे हैं, वहीं क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला निवासी 86 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक कालूराम फोगाट इस बात का जीवंत उदाहरण हैं कि यदि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नियमित व्यायाम को स्थान दिया जाए तो बढ़ती उम्र भी केवल एक संख्या बनकर रह जाती है।

वर्ष 1940 में मेरठ में जन्मे कालूराम फोगाट का जीवन संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास की मिसाल हैं। वर्ष 1960 में कालागढ़ स्थित रामगंगा इंटर कॉलेज में राजनीति विज्ञान (पॉलिटिकल साइंस) के अध्यापक के रूप में नियुक्त हुए। लगभग 40 वर्षों तक हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा देने के बाद वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त हुए, लेकिन उन्होंने कभी स्वयं को आराम तक सीमित नहीं किया। आज भी उनकी दिनचर्या किसी युवा खिलाड़ी से कम नहीं है।

> “ शरीर को आराम की नहीं, नियमित श्रम की आवश्यकता होती है। व्यायाम, योग, दौड़ और अनुशासित दिनचर्या व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाती है, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त करती है। यही स्वस्थ और दीर्घायु जीवन का सबसे बड़ा रहस्य है।



डंबल से एक्सरसाइज करते।

### 86 की उम्र में भी दौड़ लगाते हैं

86 वर्ष की आयु में भी वह प्रतिदिन 6 किलोमीटर दौड़ लगाते हैं। इसके बाद 10 किलो के डंबल से 500 रेप लगाते हैं और नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं। यही कारण है कि इस उम्र में भी उनके चेहरे पर आत्मविश्वास, शरीर में स्फूर्ति और मन में उत्साह साफ दिखाई देता है।

### वेटलिफ्टर भी रहे


कालूराम फोगाट बताते हैं कि उनका खेलों से जुड़ाव युवावस्था से ही रहा है। वह वर्ष 1959 में वेटलिफ्टर भी रहे हैं। उनका मानना है कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए किसी विशेष साधन की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि नियमित व्यायाम, अनुशासित दिनचर्या, और दृढ़ इच्छाशक्ति ही सबसे बड़ी ताकत है। वह कहते हैं कि शरीर को जितना कष्ट दोगे, जीवन उतना ही शानदार होगा।

### पिता सेना में रहे

**कालूराम फोगाट के जीवन में अनुशासन की नींव उनके परिवार से मिली। उनके पिता जल सिंह फोगाट भारतीय सेना में कार्यरत थे। वर्ष 1956 में सरकार द्वारा उनके परिवार को ग्राम मुरलीवाला में भूमि आवंटित की गई जिसके बाद से उनका परिवार यहीं बस गया। आज भी वह उसी सादगी और अनुशासन के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं और समाज को स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं।**



योगाभ्यास करते कालूराम फोगाट।



दौड़ के बाद विश्राम करते कालूराम फोगाट।

## अपना दल ( एस ) ने 24 घंटे के भीतर गुलदार के सफल रेस्क्यू की सराहना की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जनपद बिजनौर में वन विभाग द्वारा महज 24 घंटे के भीतर गुलदार को सुरक्षित पिंजरे में पकड़ने की कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। इस अभियान के दौरान पिंजरे में बंधी बकरी भी पूरी तरह सकुशल रही, जिससे वन विभाग की योजनाबद्ध कार्यप्रणाली व संवेदनशीलता की सराहना हो रही है। अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने इस सफलता पर डीएफओ नजीबाबाद पृथ्वीराज सिंह, एसडीओ अंशु चावला, रेंज अधिकारी रामकुमार सहित पूरी वन विभाग की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने साहस, सूझबूझ व कानून के अनुरूप कार्य करते हुए मानव जीवन व वन्यजीव दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि एडीएम (राजस्व) देवेंद्र पाल सिंह, बिजनौर के निर्देशन एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप वन्यजीव संरक्षण एवं आमजन की सुरक्षा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वन विभाग ने नियमों का पालन करते हुए बिना किसी जनहानि व बिना वन्यजीव को नुकसान पहुंचाए यह अभियान पूरा किया, जो प्रशंसनीय है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अपना दल (एस) सदैव ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान करता है जो कानून का पालन करते हुए जनता की सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण के लिए ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करते हैं।



## एएसपी ने कांवड़ियों को फल वितरित किये

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। गुरुवार को पूरे दिन बारिश के बीच कांवड़िए लगातार अपनी यात्रा पर चलते रहे। डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा लगातार कांवड़ यात्रा पर नजर बनाए हुए हैं। गुरुवार को बारिश के दौरान एएसपी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम के साथ मंडावली क्षेत्र के यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर पर कांवड़ियों की सुरक्षा का जायजा लिया। एएसपी ने हरिद्वार से चलकर आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों को फलों का प्रसाद भी वितरित कर उनसे कांवड़ मार्ग पर की गई सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। एएसपी ने कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पुलिस को निर्देशित भी किया। मोटा महादेव मंदिर पर कांवड़ मेला निरीक्षक राकेश कुमार भी मौजूद रहे।



## सपा नेता ने किया ‘चांदी की चाय’ का उद्घाटन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद स्थित झंडा चौक पर ‘चांदी की चाय’ प्रतिष्ठान का सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। यह प्रतिष्ठान मोहम्मद सलमान एवं अब्दुल हन्नान द्वारा शुरू किया गया है। इस अवसर पर हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने दोनों युवा उद्यमियों को नये कारोबार की शुरुआत की हार्दिक मुबारकबाद देते हुए उनके कारोबार की तरक्की, कामयाबी व बरकत के लिए दुआ की। उद्घाटन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी बंधु एवं बड़ी संख्या में सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया कांवरती सेवा शिविर का निरीक्षण


कांवड़ती सेवा शिविर में बने भोजन की गुणवत्ता जांचतीं जिलाधिकारी जसजीत कौर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ब्लॉक नजीबाबाद के प्रशासक (ब्लॉक प्रमुख) तपराज सिंह देशवाल द्वारा कांवड़ियों के लिये संचालित किये जा रहे सेवा शिविर (भंडारे) में पहुंचकर जिलाधिकारी ने भोजन की गुणवत्ता तथा भोजनालय एवं कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था का निरीक्षण किया और कांवड़ियों की सेवा में जुटे लोगों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ब्लॉक प्रमुख की सराहना करते हुए भंडारा जारी रखने का आहवान किया।

ब्लॉक प्रशासक (ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद) तपराज सिंह देशवाल द्वारा भागूवाला-मोटा महादेव कांवड़ मार्ग पर अपने पैतृक गांव हुकूमतपुर केशो उर्फ गांवड़ी के सामने कांवड़ियों की सेवा हेतु सेवा शिविर/भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सेवा शिविर में कांवड़ियों के भोजन, चाय-नाश्ते तथा रात्रि विश्राम की व्यवस्था है। भंडारे का आयोजन श्रावण मास की प्रथम तारीख से किया जा रहा है। शिविर में हर रात्रि 150-200 कांवड़िये विश्राम करते हैं। शिविर में कांवड़ियों की प्राथमिक चिकित्सा के लिये भी व्यवस्था की गई है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि शिवरात्रि के बाद भी जब तक उक्त मार्ग पर कांवड़ियों का आवागमन रहेगा, तब तक सेवा शिविर, भंडारा चलता रहेगा। शुक्रवार को भागूवाला बॉर्डर पर निरीक्षण के लिये आयीं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सेवा शिविर का भी निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे।


धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com  dmf_bijnor@yahoo.com


# रामा इंस्टिट्यूट का डीएलएड का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**किरतपुर (चिंगारी)।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन का डीएलएड 2023 बैच के अंतिम वर्ष का परीक्षाफल परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज द्वारा घोषित किया गया। डीएलएड 2023 बैच के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। टिवंकल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वाति रानी ने 90.3 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, राहुल कुमार ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान, प्रीति शर्मा ने 89.7 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान एवं लखवीर सिंह ने 89.5 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपप्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रवीश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। निखिल भारद्वाज ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# आरके इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने मनाया 'स्टाइलिश डे'

**किरतपुर (चिंगारी)।** आर.के. इंटरनेशनल स्कूल, किरतपुर में नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए 'स्टाइलिश डे' का आयोजन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न आकर्षक परिधानों एवं अलग-अलग किरदारों का रूप धारण कर मनमोहक रैम्प वॉक प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने अपने-अपने पात्रों के अनुरूप प्रभावशाली संवाद (डायलॉग) भी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर सुनील कुमार अग्रवाल, एमडी श्री दर्शित अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य श्री नितिन बिश्नोई उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, मंच संचालन कौशल तथा प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास करती हैं।



# ओम गोयल ने कंप्यूटर एप्लीकेशन्स में प्राप्त किये शत-प्रतिशत अंक



**किरतपुर (चिंगारी)।** सेंट पीटर्स स्कूल किरतपुर के मेधावी छात्र ओम गोयल ने आईसीएसई परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कंप्यूटर एप्लीकेशन्स विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें योग्यता प्रमाण-पत्र 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया।

ओम की इस शानदार सफलता ने विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। उनकी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास और अनुशासित अध्ययन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय प्रबन्धक रेवरेंड फादर बीजू, प्रिंसिपल रेवरेंड सिस्टर निकिता व शिक्षकों ने ओम गोयल को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय ने इसे अपने लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 ने संचारी रोग के प्रति जागरूक किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 प्रवर्तक-कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में बैराज रोड स्थित कांशीराम कालोनी में संचारी रोगों के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सेहत सही-लाभ कई' विषय के अंतर्गत स्थानीय नागरिकों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति शिक्षित करना था। हेड सुनील भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से सारिका चौधरी, डॉ. शबनम एवं श्यामल मंडल आदि सदस्य एवं आंगनबाड़ी एवं एएनएम कार्यकत्री दीपा, बबीता शर्मा, कुमारी वर्षा, ग्रामीणों में कोमल, प्रीति, शानू, समीना, शबनम, पारुल शर्मा, रोशन, प्रीति, वशिमा, नाजीया, सूरज सिंह, युनुस, संदीप, सौरव, रीना, आयुष एवं राजीव आदि उपस्थित रहे।

# भूख और बदहाली से दम तोड़ रहे हैं गौवंश



किरतपुर (चिंगारी)। किरतपुर ईदगाह रोड स्थित अस्थायी गौशाला में गौवंशों की देखभाल को लेकर ग्रामीणों में गहरा असंतोष है। ग्रामीणों ने गौशाला की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि यहां करीब 175 गौवंश रखे गए हैं, लेकिन उनके लिए पर्याप्त चारा, उपचार और बारिश से बचाव की समुचित व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में गौवंशों को मिट्टी के फर्श पर रखा गया है।

## गौशाला में न हरा चारा, न इलाज

लगातार हो रही बारिश के कारण पूरा परिसर कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे गौवंश दिनभर भीगने को मजबूर रहते हैं। उनका आरोप है कि बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त शेड की व्यवस्था नहीं होने से पशुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार गौवंशों को समय पर चारा नहीं मिल पाता, जिसके कारण वे भूखे रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा बीमार गौवंशों के उपचार में भी लापरवाही बरती जा रही है। उनका दावा है कि उचित देखभाल और समय पर इलाज न मिलने के कारण प्रतिदिन एक-दो गौवंशों की मौत हो रही है। हालांकि इस दावे की प्रशासनिक स्तर पर पुष्टि नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला के संचालन में नियमित निगरानी का अभाव है, जिससे व्यवस्थाएं लगातार बिगड़ती जा रही हैं। उन्होंने प्रशासन से गौशाला का तत्काल निरीक्षण कराने, गौवंशों के लिए पर्याप्त हरा चारा, पशु चिकित्सकीय सुविधा तथा बारिश से बचाव के लिए स्थायी शेड की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। साथ ही यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई है।

### बीडीओ का कहना है...

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि उनका दो दिन पहले ही यहां स्थानांतरण हुआ है। उन्होंने कहा कि मामला अब उनके संज्ञान में आया है और वह स्वयं गौशाला का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेंगे। यदि जांच में गौवंशों की देखभाल, चारा उपलब्ध कराने अथवा अन्य व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भाकियू ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**किरतपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, ब्लॉक किरतपुर की टीम ने ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में बहादुरपुर गौशाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला में गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था नहीं होने की स्थिति सामने आई, जिससे गायों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गौशाला परिसर में जलभराव और कीचड़ के कारण गौवंश को असुविधा हो रही है। संगठन की ओर से प्रशासन से मांग की गई है कि गौशाला में तत्काल पर्याप्त चारे, स्वच्छ पानी, साफ-सफाई एवं जल निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि गौवंश की देखभाल बेहतर तरीके से हो सके।

# कांवड़ियों की सेहत को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध

**बिजनौर (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा-2026 के दौरान जनपद में आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर कांवड़ यात्रा मार्गों, प्रमुख शिवालयों और संवेदनशील स्थलों पर चिकित्सा व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें 24 घंटे श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष चिकित्सा शिविर स्थापित किए गए हैं। इन शिविरों में चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, फार्मासिस्टों और पैरामेडिकल कर्मियों की निरंतर ड्यूटी लगाई गई है। यहां श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयां और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।




### एंबुलेंस तैनात की गई

किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए कांवड़ यात्रा मार्गों पर रणनीतिक स्थानों पर एंबुलेंस तैनात की गई है। जरूरत पड़ने पर मरीजों को तत्काल उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। वहीं कंट्रोल रूम के माध्यम से चिकित्सा सेवाओं की लगातार निगरानी की जा रही है।

### थकान, डिहाइड्रेशन और पैरों की चोट का तत्काल उपचार

यात्रा के दौरान थकान, बुखार, रक्तचाप में उतार-चढ़ाव, निर्जलीकरण, पैरों में छाले, मोच समेत अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित कांवड़ियों को तत्काल उपचार दिया जा रहा है। चिकित्सा शिविरों में बैड, रक्तचाप मापक यंत्र, स्टेथोस्कोप, ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाइयों और फर्स्ट एड सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

### श्रद्धालुओं से अपील

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने श्रद्धालुओं से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, समय-समय पर विश्राम करने और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में निकटतम चिकित्सा शिविर अथवा एंबुलेंस सेवा का तत्काल लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और कर्मचारी पूर्ण समर्पण एवं सेवा भावना के साथ कांवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित और सफल बनाने के लिए 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, एक अन्य घायल

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कला के निकट शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे गज निवासी झुन्नू पुत्र मुन्ने अपने साथी इंतजार पुत्र मुन्ना के साथ बाइक से गंज से झालू किसी कार्य से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कलां के पास पहुंची, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद राहगीरों की मदद से दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी बीच बिजनौर के मोहल्ला लड्डूपुरा निवासी झुन्नू ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं घायल इंतजार की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविकरन ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु हरिकिशन का पावन पर्व

**बिजनौर/खासपुरा (चिंगारी)। श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालन ट्रस्ट, रेलवे रोड बिजनौर में आठवीं पातशाही साहिब श्री गुरु हरकिशन साहिब जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में सहज पाठ साहिब का विधिवत भोग डाला गया। तत्पश्चात गुरु घर के वजीर ज्ञानी मोहन सिंह द्वारा सरबत के भले की अरदास की गई। संगत ने श्रद्धाभाव से गुरबाणी का रसपूर्ण कीर्तन एवं जस गायन कर गुरु चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। कार्यक्रम का संचालन हरमीत सिंह निराला ने किया।



कार्यक्रम में बिजनौर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरु साहिब के प्रकाश पर्व की खुशियां साझा कीं। अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिये गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। पूरे आयोजन के दौरान गुरुद्वारा साहिब का वातावरण गुरबाणी के स्वर और वाहेगुरु के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर गुरुद्वारे के प्रधान सुरेंद्र सिंह फलोदिया, उपप्रधान हरचरण सिंह, खजांची हरमीत सिंह निराला, प्रबन्धक मान्वेंदर सिंह, सुरजीत सिंह, कश्मीर सिंह,जयपाल सिंह, बलवेंदर सिंह, गुरुद्वारा सुधार कमेटी के प्रधान विजयपाल सिंह, राजेश सिंह,पुष्पेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, बलवन्त सिंह, श्री सुखमणि सेवा सोयाईटी के प्रधान बीबी अनिता कौर, जितेंद्र कौर, बबली कौर, रेणु कौर, गुरदीप कौर, हरचरण कौर, गुरमीत कौर, ममता कौर आदि संगत शामिल रही।

# सभी मांगों को पूरा करने के आश्वासन पर अनशन समाप्त

**स्योहारा ( चिंगारी )।** ग्राम किवाड़ में तीन सूत्रीय जनहित की मांगों को लेकर चल रहा यशपाल सिंह का अनिश्चितकालीन अनशन प्रशासन और किसान यूनियन के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। अनशन स्थल पर नायब तहसीलदार तथा भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत पहुंचे और अनशनकारी यशपाल सिंह एवं ग्रामीणों से वार्ता की। अनशनकारियों की मांग थी कि ग्राम किवाड़ के जूनियर हाईस्कूल को राजकीय इंटर कॉलेज में उच्चीकृत किया जाए, ग्राम में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाए तथा युवाओं के लिए खेल प्रांगण बनाया जाए।



नायब तहसीलदार एवं चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों एवं किसान यूनियन पदाधिकारी के आश्वासन के बाद अनशनकारी यशपाल सिंह ने अनशन समाप्त कर दिया। आंदोलन को सफल बनाने में केंद्रीय युवा राष्ट्रीय सेवा संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं तथा ग्राम किवाड़ के ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगठन के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने अनशनकारी यशपाल सिंह का हौसला बढ़ाया और मांगों के समाधान के लिए प्रशासन पर दबाव बनाया।

# एम.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में एम.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। एम.एड. विभागाध्यक्षा डा. नज्मुन्निसा ने जानकारी देते हुए बताया कि एम.एड. द्वितीय वर्ष में श्वेता आर्या ने 78.38 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, पारस बाषयान ने 77.77 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कु. प्रीति सिंह ने 76.38 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को महाविद्यालय सचिव कुंवरानी रुचि वीरा, महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, अध्यापक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह एवं डॉ. प्रताप सिकदार द्वारा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



श्वेता आर्या



पारस बाषयान



कु. प्रीति सिंह

# ताजपुर के हथकरघा उद्यमी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय युवा हथकरघा उद्यमी कफील अहमद को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर लखनऊ लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत कबीर हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पुरस्कार के अंतर्गत उन्हें एक लाख रूपये की धनराशि के प्रोत्साहन चैक व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। ताजपुर निवासी युवा कफील अहमद अंसारी अपने पिता शकील अहमद द्वारा स्थापित हथकरघा के कारोबार को संभाले हुए हैं। उनका चयन राज्य में उत्कृष्ट हथकरघा बैडसीट बनाकर उनका निर्यात करने के क्षेत्र में प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त करने पर हुआ। यहां की हथकरघा बैडसीट देश के कौने-कौने में जाती है। कफील अहमद को इससे पहले कई सरकारी प्रदर्शनियों में सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें राज्य स्तर पर मिले इस सम्मान से बुनकर समाज के साथ-साथ क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। लखनऊ से पुरस्कार प्राप्त कर आज सुबह घर पहुंचे कफील अहमद का उनकी फैक्ट्री पर स्वागत किया गया। नगर व्यापार मंडल संरक्षक कमलजीत सिंह नूर, अध्यक्ष महबूब आलम, डा. अरुण अग्रवाल, सत्येंद्र आर्य, जमील एडवोकेट,नईम एडवोकेट, बलराम सिंह, मुजाहिद फारूखी, अलीशा सिद्दीकी आदि ने उन्हें सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# शिव पुराण कथा के तीसरे दिन
## भारी बारिश के बावजूद डटे रहे श्रद्धालु

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बाबा जय शिव मंदिर मोहल्ला अचारजान निकट राम का चौराहा में शिव पुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तीसरे दिन भारी बारिश के बीच पंडित राजू गौड़ ने कथा सुनाई। अतिथियों का स्वागत एवं मंच संचालन वरुण भोलू द्वारा किया जा रहा है। बता दें कि मंदिर में 5 अगस्त से शिव पुराण कथा का आयोजन चल रहा है, जिसमें कथा सुनने प्रतिदिन लोग आ रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार आलोक गोविल एडवोकेट, नवदीप सिंह एडवोकेट, देवेंद्रपाल सिंह एडवोकेट द्वारा आरती की गई। कार्यक्रम प्रमुख एसके बबली एडवोकेट, संजीव अग्रवाल एडवोकेट, सुमित सिंघल, सुभाष कुमार बबलू प्रमुख, विनीत अग्रवाल लालू, वरुण अग्रवाल भोलू एडवोकेट, शिवा अग्रवाल, देव अग्रवाल एडवोकेट हैं आदि रहे। मंदिर में श्रद्धालुओं और अनूप व मुकेश के माध्यम से कुछ कार्य कराए गए हैं, जिसमें टिन शेड और पत्थर का कार्य पूर्ण हो चुका है और आगे के कार्य के लिए विचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही मंदिर की कमेटी घोषित की जाएगी, जिसमें मुख्य मुख्य लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यक्रम सहसंयोजक अनिल भटनागर एडवोकेट, तुषार चौधरी एडवोकेट, आलोक गोविल एडवोकेट, अजीत पवार एडवोकेट, शुभम चौधरी एडवोकेट, आयुष जिंदल हैं।





चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# धूमधाम से मनाया तीज उत्सव, गीतों पर झूमी महिलाएं



तीज क्वीन पूनम गोयल को ताज पहनातीं महिलाएं।

## पूनम गोयल बनीं तीज क्वीन

**नगीना ( चिंगारी )।** महिलाओं की ओर से तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूनम गोयल को तीज क्वीन चुना गया। नगर में साहू विपिन अग्रवाल के आवास पर महिलाओं ने तीज उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान शिव व माता पार्वती की आराधना के साथ किया गया। तीज उत्सव में महिलाओं और युवतियों में काफी उत्साह दिखा। आकर्षक वेशभूषा से सजी महिलाओं ने कार्यक्रम में शिरकत की और सावन के गीतों और धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में ट्रांसपोर्टर शलभ गोयल की पत्नी पूनम गोयल तीज क्वीन चुनीं गईं। महिलाओं द्वारा उन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनीता गर्ग, कंचन अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, विनीत गुप्ता, नीरू बेदी, मनी खंडेलवाल, मीनाक्षी मलिक, सुमन, नेहा साहू, दीपा मित्तल, कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष मीनू गोयल उपस्थित रहे।

# एम.डी. कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हुई निबंध प्रतियोगिता

**बिजनौर ( चिंगारी )। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से एम.डी. कॉलेज, बिजनौर में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों ने 'नशा मुक्त समाज-स्वस्थ समाज' विषय पर अपने विचार निबंधों के माध्यम से प्रस्तुत किए। उन्होंने नशे के कारण होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों को रेखांकित करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपने निबंधों में



बताया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षा, खेल, रचनात्मक गतिविधियों और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना आवश्यक है। नशा मुक्ति निबंध प्रतियोगिता में राजेंद्रपाल सिंह, प्रगति राठी, जयदीप चौधरी, हैप्पी सिंह, खुशबू जेहरा, शिवाली चौधरी, लक्ष्मी, आरती चौधरी, खुशी चिकारा, शुभम कौशिक, वेदांश कौशिक, मयंक शर्मा एवं विवेक तोमर आदि शिक्षकों का सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।

# जहां-तहां देखा गया गुलदार पिंजरा लगाने की दरकार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सबलपुर बींतरा के जंगल में आये दिन गुलदार देखा जा रहा है। गुलदार के दिखाई देने से किसान, मजदूर खेतों पर जाने से डर रहे हैं। किसान, मजदूर खेतों पर जाते हैं, तो उन्हें डर सताता रहता है कि कहीं गुलदार से सामना न हो जाये। किसी खेत से निकलकर गुलदार रास्ते में न आ खड़ा हो या उन पर हमला न कर दे। ग्राम निवासी बब्बू कल अपने बच्चों के साथ भैंसा-बोगी लेकर जंगल से घास लेने गया था। जब वह बुग्गी लेकर ग्राम निवासी सुनील राजपूत के नलकूप के पास पहुंचा, तो कुछ दूरी पर चकरोड के बीच में गुलदार खड़ा था। गुलदार को देखकर बब्बू और उसके बच्चों की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उसने तुरंत बुग्गी घुमाई और वे लोग बुग्गी लेकर वहां से भाग लिये। उधर, 3 दिन पहले गुलदार ग्राम निवासी कुलदीप सिंह के नलकूप पर खड़े पेड़ के नीचे देखा गया था। कुलदीप और उसका भाई जितेन्द्र अपने खेतों पर गये थे। जैसे ही वे नलकूप के पास पहुंचे और उन्होंने दूर खड़े गुलदार को देखा, वे उल्टे पांव भाग खड़े हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि कल ग्राम निवासी लालू हलवाई घोड़ा-बुग्गी से गांव के जंगल में स्थित मालन नदी क्षेत्र से पशुओं के नीचे डालने को रेत लेने गया था। दो-तीन घोड़ा-बुग्गी वाले और भी थे। उन्हें नदी के समीप गुलदार दिखाई दिया, तो वे घोड़ा-बुग्गी लेकर भाग खड़े हुए थे। इससे पहले गुलदार ने नहर के किनारे बकरियां चरा रहे ग्रामीण की एक बकरी पर हमला करके उसे घायल कर दिया था। बार-बार गुलदार दिखाई देने से ग्रामीण विशेषकर जंगलों में जाने वाले किसान, मजदूर भयभीत हैं। उन्होंने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़े जाने की मांग की है। सामाजिक वानिकी के वन दरोगा विकास कुमार ने गांव में जाकर घटनाओं की जानकारी करने, लोगों को गुलदार से बचाव की जानकारी देने तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही है।


फाइल फोटो

## शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुये भाव-विभोर



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर मे चल रहे 11 दिवसीय मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को भगवान शंकर और पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस दौरान ढोल की थाप पर महिलाओं ने भावपूर्ण नृत्य किए तथा अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य के अनुसार दान दक्षिणा दी और उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में भगवान शंकर और माता पार्वती के स्वरूपों द्वारा किया गया नृत्य भी काफी प्रशंसनीय रहा। इस अवसर पर मंदिर के पीठाधीश्वर कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज ने बताया कि पति-पत्नी के मध्य सामंजस्य की भावना से ही दांपत्य जीवन की सफलता संभव है। पार्वती विदाई का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि बेटी की विदाई ऐसा बोझिल वातावरण होता है, जिसे देखकर पत्थर हृदय व्यक्ति भी रोता है। कन्या पक्ष के यजमानों में पंडित सुमित वशिष्ठ एवं अलका वशिष्ठ, पंडित अमित वशिष्ट एवं वर्षा वशिष्ठ, नितिन शर्मा एवं शिवानी शर्मा रहे, जबकि वर पक्ष के यजमानों की भूमिका अरुण कुमार अग्रवाल एवं विधु रानी अग्रवाल, हिमांशु कुमार एवं निशा रानी ने प्रदर्शित की। पूजन कार्यक्रम में किरतपुर से पधारे पंडित शुभम शर्मा ने मंत्रोच्चारण कराया। इस दौरान प्रदर्शित की गई झांकी में हिमांशु सैनी ने भगवान शंकर तथा निशा रानी ने माता पार्वती का स्वरूप धारण किया। कार्यक्रम में अभिषेक शर्मा, महंत मोतीलाल शर्मा की वादन कला बेहद सराही गई।

## ग्राम प्रधान पर लगाया फर्जी दस्तावेज से जमीन पर कब्जा करने का आरोप



### एसडीएम कार्यालय के बाहर दिया धरना

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम मकसूदाबाद निवासी राम सिंह पुत्र गिरधारी सिंह ने ग्राम प्रधान पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन पर कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को परिवार सहित उप जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। दोपहर में बारिश आने पर उप जिला अधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने परिवार को गाड़ी में बैठकर उसके घर वापस भेज दिया। जानकारी के अनुसार दिए गए प्रार्थना पत्र में राम सिंह ने बताया कि उनकी बुआ रामकली पत्नी हरदयाल के नाम मौजा मकसूदाबाद में खसरा संख्या 636 व 647 भूमि स्थित है। बुआ ने अपने जीवनकाल में यह जमीन प्रार्थी के नाम वसीयत कर दी थी, जिससे वह भूमि के पूर्ण मालिक व स्वामी हैं। आरोप है कि प्रार्थी के ही गांव के प्रधान हरगोविंद सिंह पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम मकसूदाबाद ने उपरोक्त जमीन के फर्जी व जाली दस्तावेज तैयार कराकर जबरन कब्जा कर रखा है। प्रार्थी द्वारा मना करने पर प्रधान व उनके समर्थक अभद्रता व फौजदारी पर उतारू हो रहे हैं तथा दबंगई के बल पर प्रार्थी व उसके परिवार को घर से निकालने की धमकी दे रहे हैं। प्रार्थी ने एसडीएम से मांग की है कि जमीन का ब्यौरा विभागीय अभिलेखों से निकलवाकर उन्हें उनका अधिकार दिलाया जाए। साथ ही ग्राम प्रधान के विरुद्ध फर्जी व जाली दस्तावेज तैयार कराने और बुआ की जमीन अपने नाम कराने के संबंध में जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाए। धरने के दौरान उप जिला अधिकारी नितिन कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष अपने प्रमाणिक दस्तावेज नहीं दिखा पा रहा है। पुलिस ने दोपहर को बारिश पड़ने पर पीड़ित परिवार को गाड़ी में बैठवाकर उनके घर भिजवा दिया।

## पत्रकार मूलचन्द चौहान के बड़े भाई का निधन

**छाछरी मोड ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव कुतुबपुर गढी निवासी पूर्व प्रधान घासीराम सिंह (62 वर्ष) का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वह कुछ समय से शुगर से पीड़ित थे। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। सुबह 7 बजे उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। विदुर कुटी गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व प्रधान स्वर्गीय घासीराम सिंह पत्रकार मूलचंद चौधरी के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे दो पुत्रों नीरज कुमार और नितिन कुमार व पत्नी सहित भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। परिवार को सांत्वना देने वालों में विलाई चीनी मिल के जीएम जयवीर सिंह राठी, नवीन कुमार आर्य, राजकुमार सिंह एडवोकेट, मुंशी महेंद्र सिंह, बाबूराम सिंह, डॉक्टर विजयपाल सिंह, सहदेव आर्य, सुरेंद्र शर्मा, प्रधान चरण पाल सिंह, भूरे सिंह, सीताराम सिंह, डॉक्टर भानु प्रकाश वर्मा, डॉक्टर नरेश पाल सिंह रहे। **चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना करता है।**


फाइल फोटो

## मुख्य सड़क से विद्यालय तक रपटा बनवाने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत नौरंगाबाद अल्हैपुर में स्योहारा रोड पर शीला टाकीज के सामने गली में स्थित राधा इंटर कॉलेज के प्रबंधक रवि कुमार व प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मेन रोड से विद्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर रपटा बनवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि राधा इंटर कॉलेज मेंन रोड से गली में स्थित है, जिससे विद्यालय की दूरी लगभग 50 मीटर है। ज्ञापन में कहा गया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण किए जाने के बाद गली की गहराई सड़क से लगभग डेढ़ फुट गहरी हो गई है, जिससे विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गई है। ज्ञापन में मेन सड़क से विद्यालय मार्ग की ओर रपटा बनवाए जाने की मांग की गई है।


राधा इंटर कालेज के प्रबंधक रविकुमार जानकारी देते हुए।

## 13 को चांदपुर में ट्रैक्टर मार्च निकालेगी भाकियू

**चांदपुर ( चिंगारी )। भाकियू ब्लॉक जलीलपुर की मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओ पर चर्चा की गई तथा 13 अगस्त को नगर में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाने का निर्णय लिया गया।**



गन्ना समिति परिसर में चौधरी कुलदीप सिंह की अध्यक्षता एवं डा अनिल सिंह के संचालन में आयोजित पंचायत में भाकियू के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से निकलने पर इसमें किसानों को भारी परेशानी होगी, उनकी जमीन इसमें जाने के बाद किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा होगा। अतः एक्सप्रेसवे को गंगा के किनारे किनारे निकलना जाना चाहिए। पंचायत में बिजली विभाग ने किसानों को बिना बताए उनके विद्युत भार बढ़ा दिए जो कि गलत है, गन्ने की पछेती प्रजाति का मूल्य पहले की भांति घोषित किया जाए तथा तहसील में जिन किसानों के अंश गलत है, उनका अंश ठीक किए जाने की मांग की गई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, पश्चिम प्रदेश महासचिव कुलदीप चौधरी, सोमपाल प्रधान, वरिष्ठ किसान नेता जिला सचिव हुकम सिंह, जिला सचिव हरिराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष शमशेर सिंह, मोहम्मद याकूब, मनोज शर्मा, रोहतास सिंह, भरत सिंह, जसवंत सिंह, सचिन कुमार, जितेंद्र सिंह सिद्धू, सतवीर सिंह, सीताराम कश्यप, संतराम यादव, प्रथम चौधरी मो हनीफ, जगरूप सिंह, गुरप्रीत सिद्धू मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 9 अगस्त 2026**

मेष- स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक आर्थिक उन्नति हेतु प्रयास सफल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान।

वृषभ- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, भौतिक सुख सुविधा के साधन सुलभ, दाम्पत्य सुख।

मिथुन- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, व्यक्तिगत समस्या के समाधान हेतु विचलित, मित्रों-स्वजनों से मनमुटाव, परिवार में अनावश्यक खर्च, विरोधियों का वर्चस्व।

कर्क- पारिवारिक सौहार्द, नवसम्पर्क से कुछेक मसले सुलझने को, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, आत्मबल में वृद्धि, यात्रा सफल।

सिंह- कार्य-व्यवसाय में विस्तार व परिवर्तन की योजना फलीभूत, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कन्या- परिस्थितियां सुधार पर, सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क से कुछेक समले पक्ष में सुलझने की ओर, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, संत समागम।

तुला- समय असंतोषजनक, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, विरोधी हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में परेशानी।

वृश्चिक-शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, प्रियजनों के सहयोग से समस्या का समाधान, व्यापारिक वातावरण मन के अनुकूल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

धनु- अभीष्ट सिद्धि हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

मकर- समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, आर्थिक व्यावसायिक प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, स्वास्थ्य सुधार पर, बकाये धन की प्राप्ति, रचनात्मक कार्यों में रुझान।

कुम्भ- सामयिक कार्यों में प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, व्यावसायिक पक्ष से चिन्ता, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति में बाधा, प्रियजनों से मनमुटाव, सामाजिक पक्ष से कष्ट।

मीन- कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, धार्मिक क्रिया-कलापों में अभिरुचि, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# डीएम ने अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा का निरीक्षण किया शिवभक्तों को फल बांटे




मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। डीएम जसजीत कौर ने एसपी यातायात गौतम राय, एएसपी डॉ. कृष्ण गोपाल सहित अन्य आला अधिकारियों के साथ यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर पर कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था, पुलिस ड्यूटी, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीएम ने मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर हरिद्वार से चलकर आने वाले शिवभक्तों को फल व पानी की बोतल वितरित की। कांवड़ियों से परिचय कर उनका हालचाल भी जाना। मंदिर परिसर पर लगाए गए स्वास्थ्य कैंप सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा तथा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। नजीबाबाद निवासी समाजसेवी कान्हा कर्णवाल ने भी मोटा महादेव मंदिर पर शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ आकांक्षा गौतम, नायब तहसीलदार अमित कुमार, थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार, बीडीओ दीपक तेवतिया आदि मौजूद रहे।

## 11 अगस्त को होगा एक शाम भोले के नाम भव्य भजन संध्या का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। महाकाल भक्त मंडल के सदस्य रोहित अग्रवाल के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के सदस्यों ने श्रावण मास की शिवरात्रि पर होने वाली भजन संध्या एक शाम भोले के नाम की तैयारी को लेकर चर्चा की। आम सहमति से कई निर्णय लिए गए। कार्यक्रम को भव्यता से पूर्ण करने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। भजन संध्या में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में आकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। बैठक में सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, अमित चैहान, आकाश भटनागर, देवेंद्र प्रजापति, हर्ष शर्मा, सागर कुमार, आयुष्मान चंद्रा, ऋषभ कुमार, तुषार अग्रवाल, पुलकित विश्नोई, तरुण प्रजापति, शानू, विपिन कश्यप, प्रदीप कुमार, हननी, लक्ष्मण आदि मौजूद रहे।

## 251 फिट की तिरंगा कांवड़ बनी आकर्षण का केंद्र, दिया देश प्रेम का संदेश

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास के महीने में शिवभक्त लगातार कांवड़ लेकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे है। सुन्दर-सुन्दर आकृतियों में शिवभक्त कांवड़ ले जा रहे है। जनपद बहजोई के शिवभक्तों का एक जत्था मंडावली क्षेत्र से होकर गुजरा। जत्थे में लगभग 40 शिवभक्त शामिल रहे। शिवभक्तों के हाथों में 251 फिट लंबा तिरंगा झंडा था। उनके आगे भगवान शिव की सुंदर झांकी व उसके पीछे तिरंगा कांवड़ चल रही थी। सभी कावड़िए बड़े प्रेम भाव के साथ भगवान शिव का गुणगान करते हुए चल रहे थे। मंडावली क्षेत्र के कांवड़ मार्ग से होकर ये तिरंगा कांवड़ आकर्षण का केंद्र बनी। शिवभक्त कावड़ियों ने बताया कि वह सुबह हरिद्वार से कांवड़ लेकर चले थे मोटा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक कर आगे बढ़ेंगे। 11 तारीख को अपने गांव पहुंचकर शिवरात्रि के दिन जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ मार्ग पर तिरंगा यात्रा की सभी ने प्रशंसा की।



## मंडावली क्षेत्र में लगातार गुलदार देखे जाने से दहशत व्याप्त



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र में गुलदार लगातार गुलदार देखे जाने से दहशत का माहौल बना हुआ है। गुलदार कभी मंझाडी तो कभी नियामतपुर के जंगलों में देखा गया है। दोनों जगह गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जा चुका है। बीती शाम श्यामीवाला में दो गुलदार सड़क पार करते दिखाई दिए। जिसकी वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर राजगढ़ रेंजर देवऋषि सक्सेना, वन दरोगा योगेश कुमार, मदन पाल, मेघनाथ आदि वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से इस संबंध में जानकारी कर सीसीटीवी कैमरे को चेक किया। रेंजर ने बताया कि गांव में पहले से ही पिंजरा लगा हुआ था। उसी पिंजरे को ग्रामीणों से बातचीत कर सुरक्षा की दृष्टि से जहां पर गुलदार का जोड़ा दिखाई वहां पर पिंजरा लगा दिया है। इसके साथ ही वन विभाग की टीम के द्वारा पेट्रोलिंग कर नजर रखी जा रही है। वनविभाग द्वारा ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## एसआई ने कावंड़िये के पांव पर दर्द निवारक क्रीम लगाकर पट्टी बांधी



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास के महीने में दूर दराज से शिवभक्त हरिद्वार आते है और पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य को जाते हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा में पुलिस अधिकारी, स्टाफ के साथ दिन रात ड्यूटी कर कांवड़ियों को सुरक्षित वातावरण देने का काम कर है। पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के साथ कांवड़ियों की सेवा भी कर रहे हैं। मंडावली में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। हरिद्वार से चलकर कांवड़िए जल लेकर प्रेम भाव के साथ भगवान शिव का गुणगान करते हुए आगे बढ़ रहे है। चलते-चलते शिव भक्त थकान होने पर शिविरों में रुककर आराम कर रहे हैं। मंडावली थाने के एसआई राहुल तेवतिया की ड्यूटी भागूवाला में मोटा महादेव बाईपास पर लगी है। उनकी नजर एक शिवभक्त पर पड़ी जो हरिद्वार से कांवड़ ला रहे हैं और उनके दोनों पैरों में छाले पड़ गए हैं। जिससे उन्हें चलने में भी परेशानी हो थी है। उनके सभी साथी शिवभक्त उनके साथ धीरे - धीरे चल रहे थे। एसआई राहुल तेवतिया ने शिवभक्त को रोककर बैठाया उनका हालचाल जानकर उनके दोनों पैरों में दर्द निवारक क्रीम लगाकर अपने हाथों से पट्टी बांधी। यह देख सभी शिवभक्त कावड़ियों ने पुलिस की सराहना की। कांवड़िए कुछ देर आराम करने के बाद अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ गए।

### कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147(2)यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री रहीमुद्दीन उर्फ शमसुल इस्लाम पुत्र श्री जमालुद्दीन मौहल्ला पाईबाग तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री मौ. फारूक, श्री इकरामुद्दीन, श्री करीमुद्दीन, श्री नईमुद्दीन, श्री इस्लामुद्दीन पुत्रगण जमालुद्दीन व श्रीमती रशीदा खातून, श्रीमती वहीदा बेगम, श्रीमती नसीमा बेगम पुत्री श्री जमालुद्दीन नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-13 मौहल्ला पाईबाग नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

# सम्मान सेतु अभियान के अन्तर्गत राज्य महिला आयोग ने पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया

## पीड़िता महिला के साथ आयोग हर समय खड़ा : कुसुम कंडवाल




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग द्वारा आयोग के तत्वावधान में 4 अगस्त से 8 अगस्त तक ऋषिकेश में सीमा डेंटल कॉलेज के सामने आयोजित सम्मान सेतु अभियान में अभूतपूर्व जन सहभागिता देखने को मिली। इस शिविर में हजारों की संख्या में महिलाओं, कांवड़ श्रद्धालुओं व आम नागरिकों ने प्रतिभाग कर विधिक व स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में प्रेस वार्ता के दौरान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि हमारा स्पष्ट ध्येय है कि पीड़ित महिला को किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो उसके समाधान और न्याय के लिए महिला आयोग सदैव उनके साथ खड़ा है। महिलाएं जहां हैं, वहीं रहें; हम फोन के माध्यम से, थानों के माध्यम से तथा सरकार व प्रशासन के माध्यम से आपसी समन्वय स्थापित करके ऑन-द-स्पॉट समस्याओं का निस्तारण करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। एक अभिभावक की भांति पीड़ित महिला को संरक्षण देना, टूटते परिवारों को जोड़ना और महिला आयोग के वास्तविक उद्देश्यों को धरातल पर उतारते हुए हर बहन तक सहायता पहुंचाना ही इस कैंप का मुख्य ध्येय है। यात्राएं केवल मंजिल तक नहीं पहुंचातीं, वे हमारे विचारों और संस्कारों की पहचान बनाती हैं। कैंप के दौरान महिला अधिकारों, नए आपराधिक कानूनों, पॉश एक्ट व नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आधारित लगभग सात हज़ार दो सौ से अधिक जागरूकता किट वितरित कर महिलाओं, कांवड़ श्रद्धालुओं व स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही अधिवक्ताओं द्वारा 578 लोगों को नि:शुल्क कानूनी परामर्श, 26 पारिवारिक मामलों में काउंसलिंग के जरिए समाधान, एम्स ऋषिकेश के सहयोग से 489+ लोगों का मेडिकल चेकअप तथा साइबर अपराध से जुड़े 124 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया।

# पंचायतों के कार्यों में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा हस्तक्षेप नहीं होगा सहन

## प्रधान संगठन ने दिया बीडीओ को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा संशोधित जीवीजीरामजी योजना समेत पंचायतीराज अधिनियम में की जा रही गतिविधियों को अनुचित बताते हुए प्रधान संगठन रिखणीखाल ने इसका विरोध किया है। इस संबंध में संगठन ने ब्लाक मुख्यालय में बैठक की और खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपने सहित ब्लाक प्रमुख रेनू रावत को भी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधानों ने स्पष्ट कहा कि एक ओर ब्लाक के अधिकारी व कर्मचारी पंचायतों द्वारा करवाए जा रहे कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे हैं वहीं केंद्र सरकार द्वारा जारी कठोर नियमों का अनुपालन करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पंचायतों में कार्य करवाने के लिए बनाए नियमों को लचीला बनाया जाना आवश्यक है। मौके पर ग्राम प्रधानों ने पूर्व में किए गए मनरेगा कार्यों के मैटीरियल का भुगतान व मजदूरी जारी करने, कम से कम एक माह तक जीवीजीरामजी का कार्य शुरू न करने, बीडीसी की बैठक का समय ग्यारह बजे की बजाय दस बजे से नियत करने तथा बीडीसी बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य करने, प्रखण्ड रिखणीखाल की समस्त ग्राम पंचायतों को बुश कटर मुहैया कराने, ग्राम पंचायतों में विवेकाधीन कोष का बजट बढ़ाने और प्रधानों का मानदेय बढ़ाने की मांग भी की। तत्पश्चात खण्ड विकास अधिकारी रिखणीखाल को मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान संगठन रिखणीखाल अध्यक्ष अरुणा रानी, बिनीता ध्यानी, दलजीत सिंह, ठाकुर सिंह, सत्यपाल सिंह, रेखा देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, संगीता, रणबीर, कुलदीप, पूजा गुसाईं और प्रियंका सहित अन्य ग्राम प्रधान शामिल रहे।

# छिद्दरवाला में संचालित अवैध नशा मुक्ति केंद्र बंद कराया, डॉ. प्रेमचंद का आभार जताया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र के छिद्दरवाला में संचालित बिना वैध परपत्रों के संचालित अवैध नशा मुक्ति केंद्र के बंद होने पर क्षेत्रीय जनता ने ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। पूर्व ग्राम प्रधान सोबन सिंह कैंतुरा के नेतृत्व में स्थानीय लोग ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे और विधायक का पुष्पगुच्छ भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। लोगों ने कहा कि अवैध रूप से संचालित केंद्र से क्षेत्र में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं, जिससे स्थानीय नागरिकों में चिंता का माहौल था। विधायक डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित कराई गई, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिली है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनहित से जुड़े मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा एवं क्षेत्र की शांति उनकी प्राथमिकता है इस दौरान उत्तम भंडारी उप प्रधान, जोगीवाला माफी, संदीप कालूरा, विजय सिंह तयाल, हरदीप भंडारी, ललिता बगियाल, माहेश्वरी मेहर, रमेश भंडारी आदि उपस्थित थे।

# गुलदार प्रभावित क्षेत्र में सुरेन्द्र नेगी ने किया दौरा

## महिलाओं व बुजुर्गों से की बात चीत

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत कोटड़ीढांग–सनेह क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे गुलदार के आतंक और क्षेत्रवासियों में व्याप्त भय के माहौल को देखते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे और गुलदार के आतंक से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने पूर्व में गुलदार हमले में घायल हुई रीना देवी, पत्नी भूपेन्द्र अधिकारी सहित आसपास के ग्रामीणों, महिलाओं एवं बुजुर्गों से भी मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने उन्हें अवगत कराया कि शाम ढलते ही पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण बन जाता है और लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने पूर्व मंत्री को यह भी बताया कि उनके हस्तक्षेप के बाद ही डीएफओ स्वयं क्षेत्र में पहुंचे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि यह केवल एक वन्यजीव का मामला नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। कहा कि इस संबध में वे डीएफओ, विभाग के प्रभारी अधिकारियों तथा उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल पिंजरा लगाने और क्षेत्र में कर्मचारियों की गश्त बढ़ाने के संबध में वार्ता कर चुके हैं। वन मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि प्रभावित क्षेत्र में शीघ्र आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर उपस्थित क्षेत्र वासियों ने पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर लोगों की पीड़ा सुनी और समस्या को गंभीरता से शासन-प्रशासन तक पहुंचाया।

# शहीद मनदीप रावत की पुण्य तिथि पर किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिवपुर निवासी अमर शहीद मनदीप सिंह रावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सभा का आरंभ शहीद मनदीप सिंह रावत की माता सुमा देवी, प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, देवभूमि पहल समिति के अध्यक्ष शिवम नेगी व सचिव उत्कर्ष नेगी ने अमर बलिदानी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक आचार्य रोहित बलोदी ने 15वीं गढ़वाल राइफल के शहीद मनदीप सिंह रावत के जीवन वृत्त पर जानकारी देते हुए कहा कि 07 अगस्त 2018 की मध्य रात्रि को जम्मू कश्मीर के गुरेज सेक्टर में देश की सुरक्षा करते हुए शहीद मनदीप सिंह रावत ने 02 आतंकवादियों को ढेर किया व स्वयं भी वीर गति को प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य मनोज कुमार कुकरेती ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उनके त्याग, साहस एवं राष्ट्रभक्ति से प्रत्येक नागरिक तथा विद्यार्थी को प्रेरणा लेनी चाहिए। तत्पश्चात सभी ने शहीद मनदीप सिंह रावत के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



शहीद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करती उनकी माता सुमा देवी।

# दुकानदार को अपने क्रॉकरी के सामान के ऊपर से वाहनों को गुजारना महंगा पड़ा

## मुकदमा हुआ दर्ज

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए सड़क पर सामान फैलाकर वीडियो बनाना एक क्राकरी हाउस के मालिक और उसके दो कर्मचारियों को भारी पड़ गया। स्थानीय पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए तीनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झंडा चौक के पास हितकारी क्राकरी हाउस के नाम से दुकान संचालित करने वाले मोहम्मद शाहिद कुरैशी ने दो दिन पूर्व शाम को अपने कर्मचारियों रिजवान पुत्र जहीरूद्दीन व रिजवान अहमद पुत्र इंतजार के साथ मिलकर लाल बत्ती चौक पर दुकान के सामान का प्रचार-प्रसार करने के लिए वाहनों को सामान के ऊपर गुजारते हुए वीडियो बनाया और बाद में इसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड कर दिया। वीडियो का संज्ञान लेने पर पुलिस हरकत में आई और मामले की प्राथमिक जांच में पाया कि उनके इस कृत्य से यातायात भी प्रभावित हुआ और राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। जांच में यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि वह पूर्व में भी इस प्रकार की हरकत कर चुका है और उसके खिलाफ पूर्व में भी चालानी कार्रवाई हो चुकी है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# जलालाबाद में प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रूपए का नुकसान


**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148


## घंटों की मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। कस्बा जलालाबाद क्षेत्र स्थित राईन एंटरप्राइजेज प्लाईवुड फैक्ट्री में सुबह सवेरे भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। राहूखेड़ी निवासी डॉ. इदरीस की कस्बा निवासी मौ. फारूक की पार्टनरशिप में जलालाबाद के जंगल क्षेत्र में राईन एंटरप्राइजेज प्लाईवुड फैक्ट्री है, जिसमें सुबह सवेरे अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री से धुआं व आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने फैक्ट्री मालिक को सूचना दी। मालिक ने तुरंत दमकल विभाग को अवगत कराया। सूचना मिलते ही अग्निशमन प्रभारी



के.एस. जादौन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में बरसात के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। फैक्ट्री जंगल क्षेत्र में होने के कारण इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग से प्लाईवुड व अन्य सामान जलने के कारण लगभग 10 से 12 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। दमकल विभाग आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच में जुटा है। फिलहाल दमकल विभाग ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे किसी बड़ी जनहानि की घटना नहीं हुई। अब प्रशासन नुकसान का आकलन व आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है।






## सुहैल बाकर के सपा लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष बनने पर हर्ष जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। समाजवादी विचारधारा के समर्पित, संघर्षशील एवं कर्मठ सुहैल बाकर को समाजवादी लोहिया वाहिनी, जनपद बिजनौर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों ने हर्ष जताया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि बाकर के नेतृत्व में समाजवादी लोहिया वाहिनी जनपद बिजनौर में संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा व नई मजबूती मिलेगी। वह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समाजवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हर्ष व्यक्त कर बधाई देने वालों में मौ. राशिद, फैसल सैफी, छोटू मुल्तानी, हाजी शादाब, ताहिर, शेरू, परवेज़ आदि शामिल रहे।





